तापमान
अधिकतम 30.9 डिग्री
न्यूनतम 8.9 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 10 दिसंबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



12 रासेयो के सात दिवसीय शिविर का समापन




14 पं. धीरेंद्र शास्त्री की दिव्य हनुमंत कथा को लेकर तैयारियां जोरों पर



### उतई थाना क्षेत्र की घटना, हत्या के बाद शव को जलाया

# शादी के लिए महिला ने बनाया दबाव, परेशान होकर प्रेमी ने उतार दिया मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग पुलिस ने हत्या के बाद शव को जला देने के मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने जांच में पाया कि मामला प्रेम प्रसंग का है। कैटरिंग में काम करने वाली महिला से पहले शादीशुदा युवक ने प्रेम संबंध कायम कर संबंध बनाए। इसके बाद जब महिला शादी के लिए लगातार दबाव बनाने लगी तो परेशान होकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद पहचान छिपाने के लिए शव को जला दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि ग्राम पुरई के कोटवार केवलदास मानिकपुरी ने पुलिस को जानकारी दी थी कि करगाडीह पाउवारा नहर के पास खेल मैदान में एक महिला का जला हुआ शव पड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को शिनाख्त करने के लिए 6 टीमें बनाई गईं थीं। पुलिस ने पहले लापता महिला की जानकारी और सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। जांच में पता चला कि 9 दिसंबर को गौतम नगर सुपेला निवासी उर्मिला निषाद के लापता होने की शिकायत दर्ज हुई है। पुलिस ने महिला के साथ काम करने वाले विजय बांधे से पूछताछ की। उसमें पता चला कि विजय केटरिंग का काम करता है। उर्मिला भी 2-3 साल से उसके साथ केटरिंग का काम करती थी। काम के दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध साबित हो गया। आरोप है कि शादीशुदा होने और घर में गर्भवती पत्नी के होने के बाद भी विजय ने उर्मिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब महिला ने उसे शादी के लिए दबाव बनाया और विजय को उसकी पोल खुलने का डर सताया तो उसने महिला की निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने विजय के पास से खून से सने कपड़े जब्त किए हैं। खुलासे के दौरान एएसपी अभिषेक झा, एसडीओपी अनूप लकड़ा, क्राइम डीएसपी अलेकजेंडर कीरो और उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत उनकी टीम मौजूद थी।



मृतिका


आरोपी


### रकम लेनदेन पर विवाद

एसएसपी अग्रवाल ने बताया कि उर्मिला निषाद और विजय बंधे के बीच रकम के लेनदेन को लेकर भी विवाद चल रहा था। उर्मिला हमेशा विजय को सार्वजानिक रूप से बेइज्जती भी करती थी। इसे लेकर कई बार दोनों के बीच विवाद भी हुआ था। इससे परेशान होकर विजय ने उर्मिला से पीछा छुड़ाने की कातिलाना साजिश रची। आरोपी ने पहले सुपेला हार्डवेयर लाईन में धारदार चापड़ खरीदा, फिर उमरपोटी पेट्रोल पंप से प्लास्टिक की बोतल में पेट्रोल लिया। 7 दिसंबर की शाम उर्मिला के घर पहुंचा और अपनी बाइक से उसे पाटन कैटरिंग काम के बहाने उसे अपने साथ लेकर गया।

### बेरहमी से की हत्या और जलाया शव

हत्या से पहले विजय ने उर्मिला के लिए मोमोज, चाईनीज पकौड़ा पैक कराया। उसके बाद दोनों पुराई के सुनसान इलाके में नहर के पुल के ऊपर पहुंचे। दोनों ने मिलकर मोमोस खाए। इसी विजय ने उर्मिला से विवाद शुरू कर दिया और उर्मिला के सिर को पकड़कर घसीटते हुए पुल के नीचे ले गया। पहला वार चापड़ से उसके सिर के पीछे किया। उसके बाद सीमेंट के पत्थर को उसके ऊपर पटक दिया। जब उर्मिला जमीन पर गिर पड़ी तो आरोपी ने उसके शरीर पर पेट्रोल डालकर उसे जला दिया और वहां से फरार हो गया। पुलिस ने चापड़, महिला की चप्पल को जब्त किया है।

**उर्मिला की एक बेटी और विजय की पत्नी गर्भ से**

पुलिस ने बताया कि उर्मिला निषाद की एक बेटी है। वहीं आरोपी विजय बांदे की की शादी दो साल पहले ही हुई है। उसकी पत्नी गभर्वती है। विजय इसी कारण उर्मिला से दूर होना चाह रहा था। जब वो नहीं मानी तो उसने उसे जान से मार दिया।

**संबंध बनाने ले जाता था सुनसान जगह :** पुलिस ने बताया कि उर्मिला निषाद को आरोपी पहली बार नगर की तरफ सुनसान जगह नहीं ले गया था। इससे पहले भी वो कई बार उसे वहां ले चुका है और उसके साथ वहां जिस्मानी संबंध भी बनाए थे। यही कारण है कि हत्या की रात जब आरोपी महिला को वहां लेकर गया तो उसने विरोध नहीं किया। आरोपी ने प्लान के मुताबिक घटनास्थल पर पहले से ही पैरा समेत अन्य सामान को पहले से इकट्ठा करके रखा हुआ था। घटना को अंजाम देने के बाद विजय ने पैरा को शव के ऊपर डालकर माचिस मारी, जिससे वो बुरी तरह से जल जाए और उसकी पहचान ना हो पाए। उसके बाद विजय बाइक से गांव करगाडीह आ गया। 9 दिसंबर को जब सुपेला थाने में उर्मिला के पति धर्मेन्द्र ने उसकी लापता की शिकायत दर्ज कराई तो पुलिस ने उसकी पहचान की।

## ऑनलाइन सट्टे का फरार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, भेजा जेल



**भिलाई।** ऑनलाइन सट्टा के अवैध कारोबार में शामिल फरार एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी शंकर नगर दुर्ग निवासी पवन तम्बूले को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। इसके पूर्व इसके साथी टीकम बंजारे को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। टीकम का मोबाइल चेक करने पर ही पवन के बारे में पुलिस को सुराग मिला था। उसके बाद से ही पवन फरार चल रहा था। टीकम व पवन दोनों मिलकर क्रिकेट सट्टे का काम करते थे। पवन ने ही आईडी पासवर्ड बनाकर पैसा कमाने की जानकारी टिकम को दी थी। टीकम को इंडिया वर्सेस साउथ अफ्रीका के मैच में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा में आईडी पासवर्ड बनाकर पैसे का दांव लगाते समय पुलिस ने पकड़ा था। उसके बाद से ही पवन फरार चल रहा था।

हरिभूमि
**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

# विरोध का ऐसा जुनून कि गुरु शिष्य के शिष्टाचार को भी भूल गए एनएसयूआई के नेता

### प्राचार्य के साथ किया दुर्व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कल्याण कॉलेज भिलाई में दो महिला सफाई कर्मी को काम से निकाले जाने के मामले को लेकर एनएसयूआई नेता आकाश कन्नौजिया अपने साथियों के साथ विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे थे। उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रचार्य डॉ. विनय शर्मा की नेम प्लेट में श्याही फेंकी और उनके चैंबर में चप्पल की माला लेकर पहुंच गए। वहां प्राचार्य से उनका इतना विवाद बढ़ गया कि आकाश गुरु शिष्य के बीच रहने वाले शिष्टाचार का भुला दिया। उन्होंने प्राचार्य विनय दुबे को यहां तक कह दिया कि जिस तरह उन्होंने महिला कर्मी को गाली दी अगर उनको मां-बहन की गाली दी जाए तो क्या कर लेंगे। इस दौरान आकाश पूरा समय प्राचार्य के सामने उनकी टेबल पर बैठे हुए उनके ऊपर हावी होते दिखाई दिए। जब आकाश से पूछा गया कि वो खुद इसी कॉलेज से पढ़ कर निकले हैं। विरोध में गुरु शिष्य की मर्यादा को कैसे भूल गए। इस पर उन्होंने कहा कि प्रचार्य ने कॉलेज में तानाशाही चला रहे हैं। दो महिला



कर्मचारियों को उन्होंने कई महीने से घर में बैठा दिया है। उसके साथ गाली गलौज की। महिला की पीड़ा को देखकर वो आक्रोशित हो गए और प्रदर्शन में इतना आगे बढ़ गए। घटना के बाद आक्रोशित प्रिंसिपल भिलाई नगर थाने शिकायत करने पहुंचे।

### शपथ पत्र में महिला कर्मियों ने लगाए आरोप

काम से बाहर निकाली गई महिला सफाई कर्मी गोदावरी और तीरथी ने अपने शपथ पत्र में कहा है कि जब हमें नौकरी से अचानक समाप्त किए जाने का कारण जानने प्राचार्य कक्ष में गई तो प्राचार्य ने हमारे साथ अपमानजनक, अत्यंत अभद्र, व अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया, गाली-गलौच की। हमारे महिला सम्मान को ठेस पहुंचाई। धमकी देकर प्राचार्य कक्ष से बाहर भाग जाने को कहा। इस लिखित शपथपत्र में दोनों ने हस्ताक्षर किए हैं।

**कलेक्टर ने किया निरीक्षण**

# सेक्टर-6 और 7 के पूर्व वोटर्स का नाम किया जाएगा विलोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भिलाई नगर विधानसभा के सेक्टर-3, 4, 5, 6 एवं सेक्टर-7 के ऐसे बूथ जहां अपसेंट और शिफ्टेड की संख्या ज्यादा है। उक्त बुथों का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने मंगलवार को निरीक्षण किया। सेक्टर-7 के बूथ 21 के सड़क 35, 36 एवं बूथ 22 के सड़क 31, 33, 34 में कई बिल्डिंग जर्जर स्थिति में हो गए है और वहां आज दिनांक को कोई निवास नहीं करता जिससे वहां के पूर्व निवासी का जिनका वोटर के रूप में नाम आज भी जुड़ा है। निर्वाचन कार्य के इस गहन पुनरीक्षण के दौरान नाम विलोपित किया



जाएगा। इसी प्रकार सेक्टर-6 के बूथ 47, 39, 44 में पूर्व समय में बीएसपी द्वारा कई बैंकों, दूरसंचार विभाग को आबंटित भूमि पर बने बिल्डिंग भी आज के समय में जर्जर स्थिति में पाए गई, जिससे वहां के पूर्व वोटर्स का नाम भी विलोपित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपशेंट और शिफ्टेड वोटर्स की सूची का अवलोकन किया। इसी प्रकार सेक्टर-5 के बूथ 54, सेक्टर-4 के बूथ 67, सेक्टर-3 के बूथ 82 का निरीक्षण किया गया।







# शिक्षामंत्री ने तांदुला संभागीय कार्यालय व उपसंभागीय भवनों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने मंगलावार को जल संसाधन विभाग दुर्ग के तांदुला संभागीय कार्यालय एवं उपसंभागीय भवनों का लोकार्पण फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, अधीक्षण अभियंता सुरेश कुमार पांडेय एवं कार्यपालन अभियंता आशुतोष सारस्वत सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने इस भवन को प्रदेश में जल संसाधन प्रबंधन और कृषक हितों के क्षेत्र में उच्च दक्षता, पारदर्शिता और तकनीकी प्रगति का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक परिसर पुराने जर्जर भवन की जगह, भविष्यदृष्टा और टिकाऊ तकनीकी मानकों के अनुसार विकसित किया गया है, जिससे विभागीय कार्य प्रणाली और जनता-केंद्रित सेवाओं में स्पष्ट रूप से सुधार आएगा। वर्ष 1912 में निर्मित पुराना भवन समय के साथ अत्यधिक जर्जर हो गया था, जिससे विभागीय कार्य प्रणाली और आम जनता को अपेक्षित सुविधा प्रभावित हो रही थी। भवन का पुनर्निर्माण दूरगामी दृष्टि, तकनीकी मानकों और जनता-केंद्रित प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप किया गया।

## बदलते समय के साथ स्वयं को अपडेट करना जरूरी-ललित चन्द्राकर

### 336.67 लाख रुपए से होंगे कार्य

इस परियोजना की कुल लागत 336.67 लाख रुपए है। यह परिसर दुर्ग जिले में 1.27 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र की सिंचाई योजनाओं, जल संरक्षण एवं अनुरक्षण कार्य और डिजिटाइज्ड अभिलेख प्रणाली के संचालन में केंद्रीय भूमिका निभाएगा। उन्होंने सिंचाई के लिए नहर को महत्वपूर्ण बताया। नहर का जाल बिछने से सभी प्रकार के वाटर रिसोर्स रिचार्ज किया जा सकता है। नवीन भवन में अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाएं सम्मिलित हैं, संरचना के साथ दीर्घकालिक स्थायित्व, फ्लाई ऐश ब्रिक आधारित पर्यावरण-सम्मत निर्माण, प्राकृतिक वेंटिलेशन और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, ऊर्जा-दक्ष प्रकाश एवं वातानुकूलन प्रणाली, सुरक्षित अभिलेख कक्ष और डिजिटाइज्ड ई-ऑफिस अवसंरचना, बहुउद्देश्यीय बैठक कक्ष, विस्तारित कॉरिडोर और सुरक्षित आगंतुक मार्ग, तथा भविष्य की वृद्धि के अनुरूप अनुकूलनीय रूपरेखा। इन सभी तकनीकी पहलुओं ने भवन को प्रशासनिक उत्कृष्टता, कार्यकुशलता और पर्यावरणीय संतुलन का आदर्श केंद्र बनाया।



### सभी जलाशयों में गहरीकरण और सौंदर्यीकरण की जरुरत

अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं अहिवारा विधायक डोमनलाल कार्सेवाड़ा ने कहा कि सभी जलाशयों में गहरीकरण और सौंदर्यीकरण की जरूरत है। कंपनियों द्वारा प्रदूषित जल सीधे जलाशयों में छोड़ा जा रहा है। इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि जलाशयों की शुद्धता और पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सके। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि नए संभाग के गठन के साथ जिले के विकास की संभावनाएं और बढ़ गई हैं। बदलते समय के साथ स्वयं को अपडेट करना और निरंतर नवाचार करना आवश्यक है। आधुनिक तकनीक की मदद से पानी के उपयोग को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में व्यापक स्तर पर सोखता निर्माण का कार्य जारी है।

## खबर संक्षेप



### श्रीमद भागवत गीता मनुष्य को सही रास्ते पर चलना सिखाती है - चन्द्राकर

दुर्ग। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर अपनी पत्नी मीनाक्षी चंद्राकर के साथ मोहन नगर पांडे टिम्बर परिसर में आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में पहुंचे। उन्होंने व्यास पीठ की पूजा कर आशीर्वाद लिया और कथा का श्रवण किया। लोगों ने विधायक दंपति का स्वागत किया और कथा के दौरान उनके साथ बैठकर भक्ति का आनंद लिया। विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि श्रीमद भागवत गीता मनुष्य को सही रास्ते पर चलना सिखाती है और भक्ति जीवन में शांति और संतोष लाती है। उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना भी की। कार्यक्रम में गुड्डु पांडे, सुशीला पांडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### कृषि आदान सामग्रियों की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

दुर्ग। जिले में रबी 2025-26 के लिए फसल क्षेत्राच्छादन, बीज, उर्वरक, कल्चर, कीटनाशक एवं अन्य कृषि आदान सामग्रियों के मांग, भण्डारण, वितरण के साथ-साथ गुण नियंत्रण तथा निरीक्षण एवं कीट व्याधि नियंत्रण के संबंध में निरागनी के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी व सहायक नियुक्त कर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जानकारी अनुसार सहायक संचालक कृषि सुमन कुमार कोर्राम को निगरानी के लिए जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सहायक सांख्यिकी अधिकारी सत्यवती, कृषि विकास अधिकारी अमित, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संपदा लहरे, अनिल चन्द्राकर, निशा सिंह, पूनम कंवर और मुख्य लिपिक सुनिता लाउत्रे को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर नियंत्रण कक्ष के दायित्व सौपी गई है। संबंधित अधिकारी संचालनालय कृषि छ.ग. रायपुर से प्राप्त लक्ष्य एवं निर्देशानुसार अधिनस्थ कार्यालयों से जानकारी/प्रगति संकलित कर समयावधि में वरिष्ठालय को प्रेषित कर नियमानुसार नियंत्रण कक्ष का संचालन करेंगे।

## छह साल से अधूरा है शौचालय, अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई नहीं

# वार्ड 17 में अधूरा शौचालय, जर्जर नेहरू भवन और नालियों पर कब्जा होने से लोग परेशान

## सार्वजनिक शौचालय का निर्माण अधूरा, टूटने लगा ढांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 17 में बुनियादी सुविधाओं की कमी लोगों की रोजमर्रा की जीवन को मुश्किल बना रही है। यहां सार्वजनिक शौचालय का अभाव है। चर्चित नेहरू भवन की खराब हालत खराब है। यहां नालियों पर अवैध कब्जे के कारण साफ सफाई नहीं हो पा रही है।

नगर निगम भिलाई अंतर्गत नेहरू भवन वार्ड के चिंगरी पारा में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण छह साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन आधा बनकर छोड़ दिया गया। अब वहां मवेशी घूमते हैं और ढांचा धीरे-धीरे टूटने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्षद चुनाव के दौरान ठेकेदार द्वारा काम रोक दिया गया। उसके बाद कोई ध्यान नहीं दिया गया। जानकारी के अनुसार इस शौचालय के लिए नगर निगम ने करीब 22 लाख रुपये की मंजूरी दी थी। इसके बावजूद काम पूरा न होना कई सवाल खड़े करता है। वार्ड में सफाई व्यवस्था भी पटरी से उतरी है। नालियों पर अवैध कब्जे के कारण सफाई कर्मियों को पहुंच नहीं मिल पाती। नालियां लगातार बजाबजा रही हैं और बदबू से माहौल बिगड़ रहा है। वहीं नेहरू भवन में भी मरम्मत की आवश्यकता है। लोगों ने नालियों से कब्जे हटाकर सफाई कराने की मांग की है।





### लालबहादुर शास्त्री अस्पताल के पास सर्विस रोड बना कचरा जोन, लोगों में नाराजगी

लालबहादुर शास्त्री अस्पताल से कुछ ही दूरी पर जीई रोड के किनारे बनी सर्विस रोड पर लंबे समय से कचरा फेंका जा रहा है। आसपास आबादी है, दुकानें हैं और पास ही एक भवन है जहां शादी और दूसरे सामाजिक कार्यक्रम होते रहते हैं, लेकिन कचरे के ढेर ने पूरे इलाके की हालत खराब कर दी है। लोगों का कहना है कि सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है। बदबू और गंदगी से माहौल बिगड़ रहा है। शहर को डस्टबीन मुक्त बनाने की कोशिश में अब नए तरीके से सड़कों पर कचरा डालने का सिलसिला चल पड़ा है, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से सर्विस रोड पर कचरा डंपिंग पर रोक लगाने की मांग की है।

### 17 कब्जाधारियों को निगम ने थमाया नोटिस, 8 माह बाद भी कार्रवाई नहीं

नेहरू भवन वार्ड में व्यापारियों द्वारा नालियों के ऊपर अवैध रूप से निर्माण कर लिया गया है। इससे लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं हो पा रही है। वहीं सरकारी स्कूल के आगे नालियों पर अवैध कब्जा के कारण सड़क की पतली हो गई है। नियम के तहत सरकारी स्कूल के 100 मीटर के दायरे में पान ठेला नहीं होना चाहिए, लेकिन यहां मौजूद है। निगम के जोन-1 कार्यालय से अवैध कब्जों पर कार्रवाई को लेकर 17 कब्जाधारियों को दो बार नोटिस जारी किया है। पहला नोटिस 7 मई को और दूसरा 20 मई को जारी हुआ था। 8 महीने बीत जाने के बाद भी इन कब्जाधारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### वार्डवासियों ने की सामुदायिक भवन की मांग



चिंगरी पारा के लोगों ने अधूरे पड़े सार्वजनिक शौचालय को लेकर फिर आवाज उठाई है। प्रमोद चौहान, कमलेश चौहान, सुशीला चौहान और सबिता का कहना है कि यह शौचालय करीब छह साल से अधूरा पड़ा है और अब पूरी तरह बेकार हो चुका है। उनका कहना है कि अधूरे ढांचे ने जगह घेर रखी है लेकिन किसी काम का नहीं है। लोग चाहते हैं कि इस अधूरे निर्माण को तोड़कर यहां एक सार्वजनिक भवन बनाया जाए, ताकि मोहल्ले के लोग सामाजिक कार्यक्रम आसानी से कर सकें। स्थानीयों का कहना है कि वार्ड में पहले से ही सार्वजनिक सुविधाओं की कमी है। ऐसे में अगर यहां एक सामुदायिक भवन बनाया जाता है तो इसका फायदा पूरे मोहल्ले को मिलेगा और जगह का सही उपयोग भी हो सकेगा।

### 1 करोड़ से होगा डामरीकरण

अधूरे शौचालय को पूरा करने के लिए कई बार निगम में आवेदन सौंपा गया है। पार्षद चुनाव के पहले काम रोक दिया गया था। वार्ड में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 1 लाख रुपए से नाली और सीमेंटीकरण कार्य होना है। वहीं 1 करोड़ की राशि से डामरीकरण कार्य कराया जाएगा। **-भोजराज भोजू,** पार्षद वार्ड 17, सुपेला

### अन्तरमहाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान में डिलेश प्रथम

दुर्ग। सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस 26 नवंबर को भारतीय संविधान एवं मानव अधिकार विषय पर अंतरमहाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से संबंद्ध 25 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम स्थान पर डिलेश कुमार साहू चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, धमधा, द्वितीय स्थान पर आयशा नाज, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाईनगर तथा तृतीय स्थान पर श्रवण साहू, चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, धमधा घोषित किए गए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद यादव एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. आयशा अहमद ने विजेताओं को बधाई दी है।

### रासेयो के सात दिवसीय शिविर का समापन



दुर्ग। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह ग्राम कोलिहापुरी में डॉ0 रंजना श्रीवास्तव प्राचार्य के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक सेवा, समाज के उत्थान के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पण की भावना रखते हुए सामाजिक समरसता विश्वबंधुत्व, राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है। मुख्य अतिथि डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, सेनि अपर संचालक, स्वास्थ्य विभाग, रायपुर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं सर्वेक्षण, प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, स्वास्थ्य सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से जागरूकता अभियान का संदेश पहुंचाया है। उससे सभी ग्रामीण लाभान्वित एवं जागरूक रहे।

## शास. पॉलिटेक्नीक दुर्ग में मित्र कुंभ 2025 का आयोजन 13 को

दुर्ग। शासकीय पॉलिटेक्नीक दुर्ग में 13 दिसम्बर को भूतपूर्व छात्रों के एक मिलन समारोह मित्र कुंभ 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संस्था की समृद्ध विरासत और भविष्य की प्रेरणा का संगम बनेगा।

संस्था के एल्युमनी एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह आयोजन सिर्फ एक मिलन समारोह नहीं, बल्कि यह संस्था की विरासत को आगे बढ़ाने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने का एक प्रयास भी है। पूर्व छात्रों की सफलता की कहानियां, उनके अनुभव एवं विचार निश्चित रूप से वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणादायक होंगे। एसोसिएशन के सचिव शीतल दुबे ने संस्था के भूतपूर्व छात्रों को आमंत्रित करते हुए कहा, मित्र कुंभ 2025 में सम्मिलित होकर अपने पुराने मित्रों से मिलेंगे, बल्कि संस्था परिसर में पुरानी यादों को भी ताज़ा करेंगे। प्राचार्य पीके पांडे ने भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वे इस विशेष आयोजन में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## जन्म, कर्म और मृत्यु ही मृत्युलोक का मूल : पं. भूपत नाराण

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

वीआईपी नगर शिव मंदिर के पास रिसाली में आयोजित त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन पंडित भूपत नारायण शुक्ल अमोरा बेमेतरा वाले ने मृत्यूलोक का बोध कराया। बता दें कि इस आयोजन में अलग अलग राज्यों से साधु संत व महंत अपनी उपस्थिति दे रहे हैं।

त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान मंगलवार को पंडित भूपत नारायण शुक्ल ने बताया कि मृत्यूलोक का मतलब है मरने वाला लोक। जन्म, कर्म और मृत्यू से मृत्यूलोक बना है। पौराणिक कथाओं के अनुसार वह लोक संसार है जहां जन्म लेने वाले सभी प्राणियों की मृत्यु होती है। इसे पृथ्वी लोक भी कहते हैं, जो कर्मों का मंच है जहां आत्माएं जन्म-मृत्यु के चक्र से गुजरती हैं और अपने कर्मों का फल पाती हैं, तथा ज्ञान और मोक्ष प्राप्त करने का प्रयास करती हैं, यह एक नश्वर और अस्थायी स्थान है जहां मोह और माया का अनुभव होता है, इस लोक को आत्मा के विकास का स्थान माना गया है।



### भगवान के तीन तत्वों का किया वर्णन

पं. शुक्ल ने भगवान के तीन तत्वों का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सत चित और आनंद से सचिदानंद भगवान का नाम आया है। यानि जो सत्य मन के साथ आनंदित हो वे सचिदानंद भगवान है। भगवान अपने भक्तों को सदा इसी सत चित से देखते हैं और उनका उद्धार करते हैं। पंडित शुक्ल ने आगे कहा कि मानव जन्म मिला है तो हमें सत कर्म ही करना चाहिए। जैसा कर्म करेंगे वैसा ही फल मिलेगा। मृत्यूलोक में मानव को अपने कर्मों के अनुसार ही फल मिलता है। अच्छे कर्म मानव आत्मा को मोक्ष मिलता है और उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

### ग्रंथों में मिलता है मृत्युलोक का वर्णन

पंडित शुक्ल ने बताया कि गीता में भी भगवान श्रीकृष्ण गीता में अपने परम शिष्य अर्जुन से कहा था कि हे कौन्तेय! सूर्य के उत्तरायण होने पर, शुक्ल पक्ष के दौरान, दिन के समय में जो पुण्यात्मा अपना देह त्यागता है, उसे तत्क्षण मोक्ष की प्राप्ति होती है। वहीं, सूर्य के दक्षिणायन होने पर, कृष्ण पक्ष के दौरान, रात के समय में देह त्यागने पर व्यक्ति को चंद्र लोक में स्थान प्राप्त होता है। एक निश्चित समय के बाद जीवात्मा को पुनः मृत्यु लोक में आना पड़ता है। गरुड़ पुराण में भी उच्च लोकों के बारे में वर्णन है। इसका अर्थ यह है कि हमारे पुराने ग्रंथों में मृत्यूलोक का वर्णन मिलता है।

## अनावश्यक कंडिकाओं को किया गया मर्ज वास्तविक मूल्य अनुसार मिले सके लोन

# नई गाइड लाइन की कंडिकाओं का किया सरलीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक द्वारा छत्तीसगढ़ गाइडलाईन दरों को निर्धारण नियम 2000 के प्रावधानों के तहत उप जिला-जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त, स्थावर संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण से संबंधित गाइडलाईन दर वर्ष 2025-26 को केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड छग रायपुर द्वारा अनुमोदित कर 20 नवम्बर 2025 से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू की गई है। नवीन गाइडलाईन को लेकर आमजन के मध्य भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है।

- पिछले 7-8 वर्षों से गाइड लाइन दरों में वृद्धि नहीं

विगत 7-8 वर्षों से गाइडलाईन दरों में वृद्धि नहीं किये जाने के कारण सम्पत्ति के वास्तविक मूल्य एवं गाइडलाईन दर असंतुलित हो गया था। इसे संतुलित करने वार्डों के परिसीमन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित ग्राम, मुख्य मार्ग, अन्य मार्ग आदि को दृष्टि से मुख्य मार्ग, अन्य मार्ग तथा एक समान क्षेत्रों का सामुहिकरण करते हुए दरों को युक्तियुक्तकरण किया गया, जिससे किसानों को उनकी भूमि का वास्तविक दर अनुसार मुआवजा मिल सके तथा आम जनता को वास्तविक मूल्य अनुसार हाऊसिंग लोन की राशि मिल सके।

### रखी गई है 457 कंडिकाएं

जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि दुर्ग जिले में लागू नवीन गाइडलाईन दरों की विसंगति को दूर करने कंडिकाओं का सरलीकरण कर नगरीय क्षेत्र, नगर निगम दुर्ग, भिलाई, भिलाई-3 चरोदा, रिसाली, उतई के अनेक वार्ड में 1020 कंडिकाएं थी, जिन्हें युक्तियुक्तकरण कर 457 कंडिकाएं रखी गई हैं। नगरीय क्षेत्रों के वार्डों की कंडिकाओं का युक्तियुक्तकरण अर्थात विसंगति दूर कर अनावश्यक कंडिकाओं को मर्ज करते हुए लगभग समान दर वाली कंडिकाओं के लिए एक समान दर का निर्धारण किया गया। उसमें 20 प्रतिशत की वृद्धि किया गया है। इसमें इस बात का ध्यान रखा गया है कि किसी भी रोड व वार्डों के आमने-सामने की दरों में समानता हो। पूर्व में प्रचलित बाजार मूल्य मार्गदर्शिका में एक ही वार्ड में विभिन्न कंडिकाओं में एक समान जगहों पर अलग-अलग दरें थी, जिससे नागरिकों एवं आमजनों को समझने में कठिनाई होती थी कि उनके अचल संपत्ति एवं दूसरे संपत्ति एक ही वार्ड में होने पर भी गाइडलाईन बाजार मूल्य अलग-अलग होते थे। जबकि वास्तविक बाजार मूल्य लगभग एक समान होते थे।

### ओवरलेपिंग कंडिकाओं के मर्जर से विसंगति दूर कर एक समान दर रखा गया

पूर्व प्रचलित गाइडलाईन 2019-20 में नगर पालिक निगम दुर्ग की तितुरडीह वार्ड क्रमांक 21 में कुल कंडिकाओं की संख्या-15 था, जबकि लागू नवीन गाइडलाईन 2025-26 में केवल 04 कंडिका रखा जाकर पुनर्रीक्षित एवं युक्तियुक्तरण/विसंगतियों को दूर कर रखा गया है। नगर निगम दुर्ग के वार्ड क्रमांक-27 पोलसाय पारा वार्ड की कंडिका क्रमांक (4) फरिश्ता काम्प्लेक्स से पुराना बस स्टैण्ड तक, स्टेशन रोड एवं वार्ड क्रमांक 28 कंडिका (4) फरिश्ता काम्प्लेक्स चौक से नया बस स्टैण्ड जाने वाली रोड की दोनों दर में असामान्य विसंगति थी। ओवरलेपिंग कंडिकाओं के मर्जर से विसंगति दूर कर एक समान दर रखा गया जिससे संपत्ति की विशिष्ट पहचान के साथ सही मूल्यांकन किया जा सकें। इसी आधार पर रोड/वार्डों के आमने-सामने की दरों को समान रखा गया है।

### जुनवानी और स्मृतिनगर में भी एक समान दाम

नगर निगम भिलाई के वार्ड 01 में पूर्व में 22 कंडिकाएं थी जिसमें मुख्य मार्ग पर 10, 800 से 37,700 रुपए प्रति वर्गमीटर एवं मुख्य मार्ग के अंदर 22 भिन्न-भिन्न दरें थी। वहीं स्मृति नगर में पूर्व में 09 कंडिका प्रचलित था जहां मुख्य मार्ग की दरे 23,000 से 30,200 रुपए प्रति वर्गमीटर था एवं मुख्य मार्ग के अंदर 9 भिन्न-भिन्न दरें 12,700 से 22,200 रुपए तक प्रचलित था। ये दोनों ही वार्ड मुख्य मार्ग जुनवानी के आमने-सामने स्थित है। इन्हीं दरों की विसंगतियों को दूर करने हेतु मुख्य मार्ग एवं मुख्य मार्ग अंदर एक समान दर रखा गया है।

## छग निषाद केंवट समाज के पदाधिकारियों का चुनाव नामांकन 11 व 12 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

छत्तीसगढ़ निषाद (केंवट) समाज प्रदेश संगठन की बैठक केन्द्रीय कार्यालय कोहका में आयोजित की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद की अध्यक्षता में प्रदेश संगठन के समस्त प्रदेश पदाधिकारी एवं छत्तीसगढ़ जिला अध्यक्ष सम्मिलित हुए। बिरेंद्र कुमार निषाद ने बताया बैठक में प्रदेश संगठन का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष के साथ सभी पदों पर चुनाव कराने पर का निर्णय लिया गया है तथा बैठक में चुनाव अधिकारी नियुक्ति किया गया। जिसमें महासमुंद के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवि निषाद को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी पीके निषाद, सोनी राम निषाद, विजय लाल निषाद, भोज प्रसाद निषाद, रामकुमार निषाद, बसन्त लारिया, सोहन लाल निषाद, बंशीलाल निषाद, लखन लाल निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। छत्तीसगढ़ में निषाद समाज की जनसंख्या 25 लाख हैं जिनमें चुनाव में भाग लेने वाले आजीवन सदस्य, तहसील, परिक्षेत्र, के ही पदाधिकारी चुनाव में मतदान देंगे। नामांकन तिथि 11 और 12 दिसंबर को होगी। मतदान तिथि 28 दिसंबर को 4 संभागों में होगी जिनमें केंद्रीय कार्यालय कोहका भिलाई, जिला रायपुर, बिलासपुर जगदलपुर, कार्यालय में मतदान की जाएगी। तथा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को ग्राम फुण्हर रायपुर में 24 वां राज्य स्तरीय युवक-युवती एवं विधवा- विधुर परिचय सम्मेलन के दौरान शपथ लेंगे।

# कुर्मी समाज के अधिकारी निखारेंगे प्रतिभाओं को, दिखाई एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज द्वारा अधिकारी एवं कर्मचारी संगोष्ठी मिलन समारोह का भव्य आयोजन रविवार को कुर्मी भवन पाटन में युगल आडिल राजप्रधान मनवा कुर्मी समाज पाटन राज की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेन्द्र बंछोर अध्यक्ष आफिसर एसोसिएशन भिलाई स्टील प्लांट थे। अध्यक्षता युगल आडिल राजप्रधान पाटन राज ने की। विशिष्ट अतिथि कमल वर्मा संयोजक अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन छत्तीसगढ़ एवं अध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ, हेमंत वर्मा अपर आयुक्त छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल जगदलपुर, विशेष अतिथि सनत वर्मा उप कुलसचिव पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ. हेनुराम वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर आई आई टी भिलाई,मोहन वर्मा एच ओ डी शंकराचार्य यूनिवर्सिटी भिलाई,सुनील वर्मा इनकमटैक्स आफिसर रायपुर,नकुल वर्मा उपसंचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग धमतरी, कृष्ण कुमार नायक अधीक्षक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग,भूपेश वर्मा सहायक अभियंता विद्युत वितरण कंपनी उतई,मनोज वर्मा पूर्व लोक अभियोजक जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर, शैलेष आडिल डी जी एम भिलाई स्टील प्लांट उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की शुरुआत समाज के महापुरुष छत्रपति शिवाजी महाराज,स्वामी आत्मानंद जी महाराज,डॉ. खूबचंद बघेल, के छायाचित्रों की पूजा अर्चना कर राजगीत एवं जातीय गौरव गीत के साथ किया गया।

राजप्रधान युगल आडिल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि हमारा समाज एक बौद्धिक समाज है जो सामाजिक बैठक कर प्रकरणों का निराकरण एवं अन्य गतिविधियों में कार्य करता है। विशिष्ट अतिथि कमल वर्मा ने कहा कि इस तरह का आयोजन प्रत्येक राज होना चाहिए। हेमंत वर्मा ने कहा समाज ने हमे इतना सम्मान दिया है तो हम सभी अधिकारी कर्मचारी का कर्तव्य बनता है कि हम सब मिलकर किसी न किसी रूप में सामाजिक व्यक्तियों का सहयोग करे। अतिथियों के द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया जिसमें अमन वर्मा देवादा सेवा लेखाधिकारी, हिमांशु कश्यप अखरा सहायक शाखा प्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक कांकेर, नीलमणी वर्मा प्रचार्य, अंजली वर्मा स्टोनो जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर, सहित अन्य प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया।

## कला महोत्सव में अनन्या प्रथम

**कुम्हारी।** गोविंद लीला कौशल कला संस्थान द्वारा पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत अनन्या साहू पिता मदन लाल साहू (शिक्षक) को भरतनाट्यम, सेमी क्लासिकल, नृत्य सोलो सबजूनियर श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

## निधन

### कुमारी बाई ठाकुर



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी निवासी कुमारी बाई ठाकुर (72) वर्ष का आकस्मिक निधन 9 दिसंबर को हो गया। वे नरेंद्र कुमार ठाकुर की माता और ऋषभ व त्रयोम के दादी थी। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम चिंगरी के मुक्तिधाम में किया गया।

### श्याम कुंवर देशमुख



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी निवासी श्रीमती श्याम कुंवर देशमुख (82) का निधन 9 दिसंबर को हो गया। वे किशन लाल देशमुख की माता और तामेश्वर व साकेत देशमुख की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम चिंगरी के मुक्तिधाम में किया गया।

### दुलारी बाई भट्ट



**दुर्ग।** मोहन नगर निवासी दुलारी बाई भट्ट (95 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 दिसंबर, बुधवार को दोपहर 12 उनके निवास स्थान से हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे स्व. बीएल भट्ट की पत्नी, आरएस भट्ट एवं संतोष भट्ट की मां थीं।

### कमल किशोर गुरनानी



**भिलाई।** हुडको निवासी कमल किशोर गुरनानी (50 वर्ष) पिता स्व. केके गुरनानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार 9 दिसंबर को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे शशि गुरनानी के भाई एवं भव्य गुरनानी के पिता थे।

### रमाशंकर अग्रवाल



**दुर्ग।** दीपक नगर दुर्ग निवासी रमाशंकर अग्रवाल 73 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 बजे शिवनाथ मुक्तिधाम में किया गया । वे अपने पीछे पत्नी सुषमा, पुत्र गगन और दीपक सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### मनीष कुमार



**दुर्ग।** ग्राम भरींगांव पुरुर जिला बालोद निवासी शासकीय प्राथमिक शाला बरपानी धमतरी में पदस्थ सहायक शिक्षक मनीष कुमार (38 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 दिसंबर को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेश कुमार क्षत्रिय के पुत्र, राहुल, गुलशन, टिंकू, मोहन के बड़े भाई थे।

## मुआवज़ा दिए बिना जबरन काम कराने का आरोप

# धमधा ब्लॉक में टावर विवाद गहराया, खड़ी फसल रौंदने पर किसानों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

**धमधा।** धमधा ब्लॉक के गोबरा पेंड्री गांव में बिजली टावर निर्माण को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। सीएसपीटीसीएल के अन्तर्गत कार्यरत यूनिक स्ट्रक्चर एंड टॉवर लिमिटेड पर किसानों ने गंभीर आरोप लगाए हैं कि कंपनी के कर्मचारी बिना नोटिस, बिना मुआवज़ा और बिना अनुमति के खेतों में घुसकर खड़ी फसल रौंदते हुए जबरन टावर लगाने का काम कर रहे हैं। यह मामला अब पूरे ब्लॉक में चर्चा का विषय बन गया है। बताया जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट से 150 से अधिक किसान सीधे प्रभावित हो रहे हैं, जबकि गोबरा पेंड्री गांव के 7 किसान सबसे अधिक नुकसान झेल रहे हैं।





फसल का भारी नुकसान — 40–50 कट्टा धान तबाह, मौसमी सब्ज़ियों पर भी बुलडोज़र जैसा असर ,किसानों ने आरोप लगाया है कि टावर की नींव डालने के दौरान लगभग 40–50 कट्टा धान पूरी तरह नष्ट हो गया है। इसके अलावा खेतों में लगी टमाटर, सेमी, भिंडी, राहर जैसी मौसमी सब्ज़ियों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि मुआवज़ा देने का वादा किया गया था, पर न कोई रेट तय हुआ, न कोई कागजी प्रक्रिया हुई।एजेंसी के लोग मशीनें और भारी सामान खेतों में चलाकर मनमर्जी से काम कर रहे हैं।किसानों का आरोप है कि डरा-धमकाकर कराया जा रहा काम, विरोध करने पर कहा जाता है कि 'ये सरकारी आदेश है। प्रभावित किसान खिलावन सिन्हा, मोहित यादव, नंदकुमार साहू, चौवन चक्रधारी, इतवारी साहू, साधुराम साहू और उमेद लाल साहू का आरोप है कि कंपनी के कर्मचारी उन्हें डरा-धमकाकर खेतों में घुसते हैं और विरोध करने पर कहते हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार काम रुकवाने की कोशिश की, लेकिन "ऊपर से आदेश" का हवाला देकर काम जारी रखा गया। किसानों में यह डर बढ़ रहा है कि यदि एक खेत में बिना अनुमति टावर लगाया जा सकता है, तो आगे और भी खेतों को इसी तरह प्रभावित किया जा सकता है। किसानों ने तहसीलदार धमधा पर आरोप लगाया है कि फसल क्षति का मूल्यांकन सरकार द्वारा आपदा की स्थितियों में तय न्यूनतम दरों पर किया जा रहा है।

किसानों का कहना है—यह दर बीज, खाद, दवा, सिंचाई और मेहनत—कुछ भी पूरा नहीं करती। नुकसान प्राकृतिक आपदा के कारण नहीं हुआ, फिर भी मुआवज़ा उसी मानक पर तय हो रहा है, जो अनुचित है। किसानों ने इसे सीधा अन्याय बताया है।

किसानों का कहना है कि हम टावर लगाने का विरोध नहीं कर रहे। हम सिर्फ अपनी मेहनत की फसल का उचित मुआवज़ा चाहते हैं। किसानों का कहना है कि पहले ही कीट, मौसम और बाजार की चुनौतियाँ हैं, ऐसे में सरकारी काम के नाम पर नुकसान बढ़ना बड़ी चिंता है।

किसानों की प्रशासन से मांग है कि वास्तविक नुकसान का पूरा मुआवज़ा दिया जाए। सभी किसानों को मुआवज़ा मिलने तक टावर लगाने का कार्य रोका जाए। खेतों में जबरन घुसने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई हो। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष सर्वे टीम गठित की जाए। टावर प्रोजेक्ट में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। किसानों ने कहा है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे धरना-प्रदर्शन और बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

प्रभावित किसानों ने कहा- टावर लगाने के नाम पर जबरदस्ती

चौवन कुमार, किसान (पेंड्री) ने कहा कि टावर कंपनी ने जबरदस्ती मेरे खेत में टावर स्थापित कर दिया। न जमीन का मुआवज़ा मिला, न फसल का। पूछने पर कोई सही जवाब नहीं मिलता। मोहित यादव, किसान (पेंड्री) का कहना है कि पूरी धान की फसल रौंद डाली गई। आज तक एक रुपया भी क्षतिपूर्ति नहीं मिला। तहसीलदार ने भी दबाव बनाया और जबरदस्ती टावर लगा दिया गया। शिव कुमार यादव, किसान (पेंड्री) मेरी अनुमति के बिना मेरे खेत में टावर लगा दिया गया। नुकसान लाखों का हुआ और सिर्फ 4 हजार रुपए दे दिए। प्रशासन सुन नहीं रहा। दीपा साहू, किसान (पेंड्री) ने कहा फसल पूरी तरह रौंद दी गई। मुआवज़े का कोई पता नहीं। दबाव डालकर मेरे लाखों की फसल नष्ट कर दी। उमेद लाल साहू, किसान (पेंड्री) ने कहा मेरे खेत में गेहूं की फसल थी—लगभग 1.5 लाख का अनुमानित नुकसान। कंपनी ने सिर्फ 7 हजार थमा दिए। कोई प्रक्रिया नहीं, सिर्फ परेशान किया जा रहा। रामखिलावन सिन्हा, किसान (पेंड्री) सब्ज़ी फसल पूरी क्षतिग्रस्त कर दी गई। मुझे एसडीएम कार्यालय में सुबह से शाम तक बैठाया गया। कंपनी मैनेजर ने मुआवज़े का धोखा दिया—खाली हाथ लौटना पड़ा।"

## ऑफलाइन 70 और ऑनलाइन 30 फीसदी टोकन करने उठाई मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर का धान खरीदी केंद्रों का दौरा लगातार जारी है। मंगलवार को ठाकुर ने धान खरीदी केंद्र उतई एवं मचांदुर का औचक निरीक्षण कर उपस्थित किसानों का हाल चाल जाना।

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने धान खरीदी के लिये लागू की गई एग्रो पोर्टल आधारित टोकन व्यवस्था को किसानों के लिये बेहद कठिन और त्रासदी बताते हुये कहा कि तत्काल धान खरीदी की सीमा बढ़ाकर 70 फीसदी टोकन सोसायटी से तथा 30 प्रतिशत टोकन ऑनलाइन एप के माध्यम से जारी किया जाए। प्रतिदिन की खरीदी लिमिट को बढ़ाने के भी मांग की अभी वर्तमान में प्रतिदिन 600 क्विंटल की खरीदी की जा रही है जो पिछले सत्र के हिसाब से 50 फीसदी कम है। ठाकुर ने आगे कहा कि एग्रो पोर्टल में लगातार तकनीकी गड़बड़ियों और सरकार के मनमाने निर्णयों के चलते हजारों किसान आज भी पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं, और न ही उनका टोकन कट पा रहा है। वर्तमान टोकन प्रणाली किसानों को समय पर धान बेचने से रोक रही है।

लगातार टोकन की समस्या से जूझ रहे किसानों की समस्या को देखते हुवे जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर पहले ही कह चुके है कि एक दो दिन में समस्या दूर नही हुआ तो सोसायटियो में तालाबंदी और चक्काजाम जैसे आंदोलन करने पर मजबूर होगी।

उतई एवं मचांदुर धान खरीदी के निरीक्षण के दौरान किसान कांग्रेस अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा भुवनेश्वर साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, दिवाकर गायकवाड, डॉक्टर प्रहलाद वर्मा ,पार्षद राकेश साहू, नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत उतई द्वारिका साहू ,धनंजय नेताम, सुरता सिंह गढ़े, तरुण बंजारे ,ईश्वर साहू किसान कुंदन साहू ,ललित कुमार साहू ,राजेश साहू ,राजेश गिरी गोस्वामी ,सत्य प्रकाश कौशिक ,महेश कौशिक, योगेश मंडले, वीरेंद्र गोस्वामी ,निरंजन सिंह राजपूत, गोवर्धन बारले, चांद खान, कृष्णा साहू, अलालुद्दीन कुरैशी, सरपंच मचांदुर युगल किशोर साहू, पूर्व सरपंच दिलीप साहू, शम्भू राम साहू, वीरेंद्र साहू, ईश्वरी साहू, हलधर साहू, दयालु राम यादव, कन्हैया साहू, गणपत साहू, दिलीप साहू, गजेंद्र साहू, तिलक साहू भावेश साहू घनश्याम साहू राजेश साहू जामवंत गजपाल सोसायटी अध्यक्ष अश्वनी साहू, ढालू राम साहू, राजू चंद्राकर, महेश साहू, दिलीप सांडिल, इक्कू खान, धर्मेंद्र, बिट्टू साहू, हरीश साहू, बैकुंठ महानंद व अन्य मौजूद थे। इस मौके पर धान बेचने आए किसानों ने अपनी अपनी समस्याओं से कांग्रेस नेताओं को अवगत कराया।

## श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह आज से बेलौदी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



स्व. उदयराम पारकर की स्मृति में विष्णु अरोड़ा महाराज का श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 10 दिसंबर से 18 दिसंबर तक शिवनाथ नदी के तट पर बसे ग्राम बेलौदी (मालूद) में किया जा रहा है। दोपहर 01 बजे से 05 बजे तक रोजाना होने वाले इस भक्तिमय आयोजन के संबंध में समिति की ओर से दुर्गा प्रसाद पारकर ने बताया कि पहले दिन 10 दिसंबर बुधवार को कलश स्थापना दोपहर 1 बजे से और गौकरण कथा, 11 दिसंबर को परीक्षित संवाद, 12 दिसंबर शुक्रवार को सृष्टि रचना, 13 दिसंबर को ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार, 14 दिसंबर को श्री राम चरित्र,श्री कृष्ण जन्म, 15 दिसंबर श्री कृष्ण बाल लीला दही लूट माखन चोरी, 16 दिसंबर मंगलवार गोवर्धन लीला,कंस वध एवं रुकमणी विवाह, 17 दिसंबर सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, चढ़ौत्री, 18 दिसंबर गीता प्रवचन तुलसी वर्षा पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी होगा। श्री पारकर ने प्रवचनकर्ता बालयोगी विष्णु अरोड़ा महाराज जावरा (रतलाम) म.प्र. का प्रवचन लाभ लेने की अपील समस्त धर्म प्रेमियों से की है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक शांति नगर निवासी नवीन नामक युवक किराए के मकान में रहता था। जब परिजनों ने उसे कमरे में उठाने गए तो नवीन का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से पुलिस को किसी भी प्रकार का सुसायल नोट नहीं मिला है। नवीन के आत्महत्या का कारण की जांच पुलिस कर रही है। गौरतलब हो कि ट्विनसिटी में युवाओं में आत्महत्या जैसे वारदातों में लगातार इजाफा हो रहा है। इसे रोकने के लिए कई सामाजिक संस्थाएं भी जुटे हुए है लेकिन सफलता नहीं मिल रही है।



## बिजनेस न्यूज

### रक्तदान शिविर में शामिल हुए युवा



**भिलाई।** मनसा शिक्षा महाविद्यालय में रक्तदान शिविर एवं हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 47 रक्तदाताओं ने 47 यूनिट रक्तदान किया। मनसा शिक्षा महाविद्यालय के साथ एचडीएफसी बैंक एवं बालाजी ब्लड सेंटर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में सभी रक्तदाताओं को मनसा शिक्षा महाविद्यालय की तरफ से हेलमेट वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक) ऋचा मिश्रा थी। कार्यक्रम में एचडीएफसी बैंक की तरफ से ब्रांच मैनेजर श्रीमती श्वेता, बालाजी ब्लड सेंटर के सीईओ डॉ. हरजिंदर सिंह, संस्था के संचालक सी संजीव सक्सेना, मनसा शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर स्मिता सक्सेना, मनसा पॉलिटेक्निक के प्राचार्य एस. मनमत राव एवं सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।



### आरोग्यम हार्ट सेंटर, दुर्ग में कैथ लैब की पहली सालगिरह — 500 से ज्यादा दिलों की धड़कनें बचाने का गौरव

**दुर्ग।** शहर के आरोग्यम हार्ट सेंटर ने अपनी कैथ लैब की प्रथम वर्षगांठ को विशेष समारोह के साथ मनाई। बीते एक साल में यहां 500 से अधिक हृदय संबंधी प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक की गईं। यह उपलब्धि न केवल अस्पताल के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश बख्शी और उनकी टीम ने अपने अनुभव और समर्पण से कई मरीजों को नया जीवन दिया। कई गंभीर मरीज, जिन्हें बड़े शहरों तक जाने की ज़रूरत पड़ती थी, अब दुर्ग-भिलाई में ही अत्याधुनिक सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। आरोग्यम हार्ट सेंटर की कैथ लैब ने पिछले एक वर्ष में अपनी उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं, आपातकालीन उपचार में तत्परता, और सफल परिणामों से आमजन का भरोसा जीता है। यही कारण है कि आज यह केंद्र पूरे संभाग के मरीजों की पहली पसंद बन चुका है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि आने वाले समय में उपचार सुविधाओं का और विस्तार किया जाएगा, ताकि हृदय रोगी बिना देरी उपचार प्राप्त कर सकें और स्वस्थ जीवन की ओर लौट सकें।

### उदय महाविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी का किया आयोजन




**भिलाई।** जामुल स्थित उदय महाविद्यालय में बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के छात्राध्यापकों ने बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के छात्राध्यापकों के लिए ₹फ्रेशर्स पार्टी₹ का आयोजन किया । कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती वंदना के साथ हुई। तृतीय सेमेस्टर के छात्राध्यापकों ने फ्रेशर्स छात्रों का बैच एवं तिलक लगाकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। रैंप वॉक, नृत्य, गायन, कविता एवं गेम आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## रुख्मिणी श्रीकृष्ण मंगल प्रसंग पर श्रोता झूम उठे

# श्रीमद् भागवत कथा के सुनने मात्र से दूर होते हैं समस्त कष्टः निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू धर्मपत्नी श्रीमती स्व.कमला देवी साहू की पुण्य स्मृति में आयोजित ग्राम पाऊवारा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का श्रोता गणों ने लाभ किया।

कथा वाचक संत निरंजन महाराज ने कहा कि ईश्वर का ध्यान करते हुए जीवन का कर्तव्य कर्म को करना ही पूजा है। यशोदा माता के दधि मंथन का भाव देते हुए भगवान का ध्यान करना' साधक की स्थिति को दर्शाता है। अपने व्यहारिक कर्तब्य कर्म को करते हुए भगवान का ध्यान करते रहना ही साधक की अवस्था है। यशोदा का दधिमंथन मन वचन कर्म से पूजा बन गया।



यशोदा साधक है दधि मंथन साधन है और बाल कृष्ण साध्य है। जीव को मिले हुए साधन के माध्यम से परमात्मा तक पहुंचना होता है। श्री कृष्ण गोकुल से वृन्दावन जा बसे और बाल सखाओ के साथ गोचारण लीला किये पशुधन की रक्षा करते हुए खेल -खेल में असुरों को संहार किये। गोवर्धन लीला के माध्यम से पर्यावरण रक्षा का शंखनाद किये। मथुरा से गोकुल और गोकुल से वृन्दावन निवास कर गोप गोपियों के साथ प्रेम लीला किये। यमुना जब प्रदूषण दूर करने कालिया से संघर्ष कर यमुना को निर्मल किया।

रुख्मिणी मंगल के प्रसंग पर सार भाव देते हुए उन्होंने बताया कि इसी शरीर में आतम चिंतन करते हुए आत्मा कृष्ण का अनुभव कर सकती है। भगवान के गुण, रूप लीला' को सत्संग के माध्यम से सुनकर रुखमनी ने अपना जीवन बचपन से ही श्रीकृष्ण को समर्पित कर दिया था। जरासन्ध आदि असुरो की पराजित कर स्वयं भगवान रुख्मिणी का हरण किये और समुद्र मे द्धारिका बसाकर संसार में गृहस्थ जीवन को सुखी से बनाने का उपाय बताये।

इस अवसर पर पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू,पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी समिति दुर्ग राजेन्द्र साहू,दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल, जिला पंचायत सदस्य नीशू चन्द्रकार,खेद राम साहू,जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड़, पूर्व महापौर शंकर लाल ताम्रकार,तहसील पाटन साहू संघ ललेश्वर साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू,दिव्या कलिहारी, जिला अध्यक्ष दुर्ग शहर धीरज बाकलीवाल, नीलू ठाकुर, पूर्व सरपंच राज चन्द्रकार, मंजु यदु, रेखा चतुर्वेदी, ललेश्वरी साहू, जगदीश दीपक साहू,दिलीप साहू, रोशन साहू, गोवर्धन बारले, विकास चन्द्रकार, चुन्नीलाल चन्द्रकार सहित सैकड़ो की संख्या में भागवत कथा में शामिल हुये।



# सीजन का सबसे कम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस रहा, चार दिन तक चलेगी शीतलहर



## ट्विनसिटी में पड़ने लगी कड़ाके की ठंड, अलाव से राहत पाने की जा रही कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी का पारा मंगलवार को इस सीजन का सबसे कम रहा। न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस तक आ पहुंचा। यह सामान्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। जिसकी वजह से दुर्ग जिला शीतलहर के चपेट में है। मौसम विभाग ने दुर्ग जिले में आगामी चार दिनों तक यानी 13 नवंबर तक शीतलहर चलने की चेतावनी दी है। सुबह और देर रात घना कोहरा और धुंध की स्थिति बन गई है।

### 11 व 12 को सबसे ज्यादा शीतलहर

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग जिले में 11 व 12 दिसम्बर को तीव्र शीत लहर चलने की संभावना है। उत्तर एवं मध्य छत्तीसगढ़ में एक-दो पाकेट में शीत लहर चली। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री सेल्सियस दर्ग में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया।

### ऐसा चल रहा है सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ मध्य लोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त के रूप में बना हुआ है, जिसका अक्ष समुद्र तल से 5.5 किमी ऊपर है। वो अक्षांश 23N के उत्तर में देशांतर 81E के साथ-साथ बना हुआ है। शहर के लिए स्थानीय पूर्वानुमान 10 दिसम्बर को धुंध छाए रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान क्रमशः 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

### सुबह और रात को ठिठुरन बढ़ी



ट्विनसिटी में अलसुबह और जैसे जैसे रात होती है वैसे-वैसे ही सर्द हवाएं तेजी से चलने लगती है। जिसकी वजह से ठिठुरन बढ़ जाती है। कड़ाके की ठंड का एहसास लोगों को होने लगा है। सुबह मार्निंग वॉकिंग करने वालों में भी अब कमी आई है। देर रात तक भी आवागमन कम हुआ है। बाजार भी जल्दी बंद होने लगे हैं। लोग अब घर में ही रहना पंसद कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### तीन और ओव्हरब्रिज की आवश्यकता, विधायक रिकेश ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

**भिलाई।** भिलाई में नेहरू नगर मुख्य चौराहे सहित अन्य क्षेत्र में बढ़ते ट्रेफिक दबाव को कम करने के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजमार्ग और नेहरू नगर चौक से अग्रसेन चौराहे तक ओव्हर ब्रिज बनाने की मांग की है। विधायक सेन ने बताया कि नेशनल हाइवे खुर्सीपार, पावर हाउस एवं सुपेला में ओव्हर ब्रिज का निर्माण किया गया है। इससे शहर के ट्रैफिक जाम में कमी आई है, लेकिन नेहरू नगर चौक में ओवर ब्रिज न होने के कारण शाम 6 से रात 10 बजे तक हैवी ट्रैफिक जाम रहता है। दिन में भी लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वायु प्रदूषण अधिक होने से भी नेहरु नगर के आसपास क्षेत्र में एक्यूआई निर्धारित मानक से अधिक हो रहा है।

## राहत : 16411 मीट्रिक टन के उठाव के लिए डीओ/ टीओ जारी

# धान उठाव शुरू, जिले के 26 उपार्जन केंद्र से 5150 मीट्रिक टन धान उठाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धान खरीदी के लंबे समय बाद धान का उठाव शुरू हो पाया है। जिले के 102 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू की गई है। अब तक 26075 किसानों से 1,36,322.68 मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है। धान का उठाव 26 उपार्जन केंद्रों में शुरू हुआ है। यहां से 5,150 मीट्रिक टन धान का उठाव हुआ है। 87 समितियों के माध्यम से धान खरीदी हो रही है। किसानों को टोकन ऑनलाइन सिस्टम से दिए जा रहे हैं। बारदानें की व्यवस्था भी की गई है।

### उपार्जन केंद्रों में जाम हो गया था धान



### 7929 किसानों का 131.80 हेक्टे. रकबा समर्पण

धान बेचने के साथ ही किसानों से रकबा भी समर्पण करवाया जा रहा है। यानी जो किसान अपनी उपज बेच चुके हैं और रकबे के हिसाब से और धान बेच सकते हैं लेकिन ऐसे किसानों से रकबा समर्पण करवाया जा रहा है। रकबा समर्पण करने से धान खरीदी में दलालों की भूमिका समाप्त हो जाएगी और पारदर्शी तरीके से यह कार्य होगा। अब तक 7929 किसानों ने 131.80 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया है। खरीफ वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में 6,16,435 मे. टन धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित है।

### 70 राइस मिलर ही उठाव के लिए पंजीकृत

धान उठाव के लिए विपणन संघ द्वारा 70 मिलरों से ही अनुबंध हो पाया है। जिले में 150 राईस मिलर हैं लेकिन पिछले साल धान उठाव कर मिलिंग का चावल जमा नहीं किया। जिसकी वजह से शेष 80 मिलरों को अभी भी उठाव के लिए पात्रता नहीं मिल पाई है। जिसकी वजह से धान के उठाव करने में देरी भी हुई है। विपणन संघ के मुताबिक अनुबंधित मिलरों को 16,411.60 मेट्रिक टन का डीओ/ टीओ जारी हो गया है।

### किसानों को 27,402 लाख रुपए भुगतान

धान खरीदी के साथ ही किसानों के खाते में पैसा भी डाला जा रहा है। जिले में अब तक 1,36,322 मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है जिसकी लागत राशि 32,328.87 लाख रुपए होती है। शासन की पारदर्शी व्यवस्था और तुंहर टोकन के अंतर्गत किसानों को सहुलियतें मिल रही है और वे निर्धारित तिथि अनुसार धान बेचने उपार्जन केन्द्रों में पहुंच रहे हैं। किसानों को धान बिक्री पश्चात 27,402 लाख रुपए का ऑनलाईन भुगतान हो चुका है।

### सबसे ज्यादा धान उठाव

| | |
|---|---|
| सिरसा उपार्जन केंद्र- | 66.73 प्रतिशत |
| कोलिहापुरी उपार्जन केंद्र- | 46.12 प्रतिशत |
| चंदखुरी उपार्जन केंद्र- | 45.54 प्रतिशत |
| अहेरी उपार्जन केंद्र - | 30 प्रतिशत |
| ननकट्टी उपार्जन केंद्र - | 25 प्रतिशत |
| कुथरेल उपार्जन केंद्र- | 13.33 प्रतिशत |
| बोरीगारका उपार्जन केंद्र - | 18.18 प्रतिशत |

### डीओ/टीओ जारी

"दुर्ग जिले में धान का उठाव चालू हो गया है इसके लिए 70 राईस मिलरों से अनुबंध किया गया है। डीओ/टीओ भी लगातार जारी हो रहे हैं। धान उठाव में तेजी आई है जिसके वजह से उपार्जन केंद्रों में अब जगह भी बन रही है।

**राहुल सिंह,**
डीएमओ जिला विपणन

# महिला कर्मी की मौत मामले में प्रबंधन के खिलाफ जुर्म दर्ज

**ओएचपी परिसर में हुआ था हादसा, महिला कर्मी के सिर पर गिरा था पाइप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट के ओएचपी परिसर में 5 दिसंबर को एक महिला कर्मी के सिर पर लोहे का जर्जर पाइप गिर गया था। इससे उसकी मौत हो गई थी। पठ्ठी पुलिस ने इसमें प्रबंधन की लापरवाही पाते हुए उसके खिलाफ धारा 106, 289 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

भठ्ठी पुलिस ने बताया कि महिला ग्राम रिसामा निवासी पुष्फा साहू (41 साल) ओएचपी के हाफ एरिया वागन टिपलर नंबर-4 के नीचे जे 3सी 2 पॉइंट पर सफाई का काम कर रही थी। अचानक महिला के ऊपर ऊपर लगा लोहे का पाइप टूटकर गिर गया। जांच में पाया गया कि पाइप लंबे समय से जंग खाकर जर्जर हो चुका था। उसके भीतर मिट्टी और डस्ट भरा हुआ था। तेज आवाज के साथ पाइप सीधे पुष्पा साहू के सिर पर गिरा। कर्मियों ने घायल महिला को मेन मेडिकल पोस्ट पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सेक्टर-9 अस्पताल रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

- भठ्ठी पुलिस ने जांच कर दर्ज की एफआईआर

थाना भट्टी के सहायक उप निरीक्षक भारत सिंह चौधरी ने मामले की जांच की। जांच में गवाह रमेश कुमार साहू, लुकेश्वर ठाकुर और धीरेन्द्र कुमार ठाकुर के बयान लिए गए। घटना स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया था और जर्जर पाइप को समय पर बदला नहीं गया। पुलिस के मुताबिक बीएसपी प्रबंधन की उपेक्षापूर्ण लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

# रजिस्ट्री गाइड लाइन और शुल्क विसंगतियों पर मंत्री चौधरी से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चेम्बर के प्रतिनिधियों ने मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री चौधरी से रजिस्ट्री गाइड लाइन और शुल्क को लेकर चर्च की गई।

मंगलवार को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज भिलाई के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य भेंट की। भसीन ने बताया कि भिलाई एवं दुर्ग क्षेत्र में कई स्थानों की गाइडलाइन एक जैसी निर्धारित कर दी गई है, जबकि वास्तविक बाजार मूल्य अलग-अलग है। इसके अलावा, पहले मार्गों को मुख्य मार्ग, पहुंच मार्ग और भीतरी गलियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता था, लेकिन अब केवल मुख्य मार्ग और अंदर मार्ग में विभाजन किया जा रहा है। इस कारण गाइडलाइन गलत तय हो रही है, जिसे सुधारना आवश्यक है।

मंत्री श्री चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि सभी बिंदुओं का गहन अध्ययन कर विसंगतियों को दूर किया जाएगा। साथ ही उन्होंने भिलाई चेम्बर द्वारा 19 दिसंबर को आयोजित होने वाले चेम्बर गौरव दिवस कार्यक्रम के आमंत्रण को स्वीकार किया। इस अवसर पर चेम्बर के पदाधिकारी अनिल जोतसिंघानी, सुनील मिश्रा, शंकर सचदेव, सरमद इमाम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# पं. धीरेंद्र शास्त्री की दिव्य हनुमंत कथा को लेकर तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जयंती स्टेडियम के पास 25 से 29 दिसंबर तक आयोजित हनुमंत कथा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के 25 से 29 दिसंबर तक दिव्य हनुमंत कथा का आयोजन सेवा समर्पण समिति द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति के संयोजक राकेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। मातृ शक्तियों द्वारा घर-घर जाकर आमंत्रण कार्ड एवं पीला चावल भेंट कर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। दुर्ग-भिलाई में विभिन्न समाजों के नाम से लगभग 100 स्वागत गेट का निर्माण किया जाएगा। इसमें समाज की परंपरा और संस्कृति के अनुरूप कलाकृतियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। भगवा ध्वज भी लगाए जाएंगे। राकेश पाण्डेय ने लोगों से अपने घरों की छत पर भगवा ध्वज लगवाने की अपील की है।

## वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने की कार्रवाई

**भिलाई।** सड़क पर असुरक्षित रूप से खड़े वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया है। ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत जीवन की रक्षा और परिवहन व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए अभियान चलाया गया है। इस दौरान कुल 21 वाहन स्वामियों के खिलाफ धारा 285 के तहत कार्रवाई की गई है। लापरवाह वाहन चालाक स्वामी के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। थाना पुलगांव, मोहन नगर, नेवई, सुपेला, खुर्सीपार, पुरानी भिलाई, नंदनी में 2 -2 प्रकरण और दुर्ग, वैशाली नगर, कुम्हारी, उतई, पाटन, अंडा, अम्लेश्वर में 1 -1 अपराध दर्ज हैं।

# रेलवे अधिग्रहण प्रभावित किसानों की आपातकालीन सभा, गाइडलाइन त्रुटियों व अनदेखी पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



अधिग्रहण से प्रभावित 12 ग्रामों पुरई, पाउवारा, कोड़िया, भानपुरी, करगाडीह, थनौद, बोरिगार्का, चंदखुरी, बिरेजहर, खोपली, घुघसीडीह, चांगोरी गुस्साए किसानों ने सतनाम भवन, ग्राम पुरई में आपातकालीन सभा आयोजित की। सभा राज्य शासन व प्रशासन द्वारा द्वारा जारी सूचना और किसानों के लंबित ज्ञापनों पर असंतोषजनक और जवाब न मिलने को लेकर की गई। चेतावनी दी गई है कि सभी मांगें जल्द पूर्ण नहीं किए जाने पर अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर शासन प्रशासन जिम्मेदार रहेगा।सभा के बाद, किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गाइडलाइन दरों में सुधार, सर्वे पर रोक और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई है। सभी मांगों पर तत्काल कार्रवाई? की मांग की गयी है।

किसानों ने बताया कि गाइडलाइन दरों में त्रुटियों का सुधार के साथ अनुच्छेद 14 का उल्लंघन बंद हो। किसान 2025-2026 की नवीन गाइडलाइन दरों का पूर्ण विरोध नहीं करते, लेकिन कई ग्रामों में वर्ग मीटर की दरें पूर्व की तुलना में कम कर दी गई हैं। समीपवर्ती ग्रामों की दरों में अत्यधिक असमानता है। ज्ञापन में मांग की गई है कि समानता का अधिकार के तहत त्रुटियों के सुधार के बाद उन्हें दरों पर कोई आपत्ति नहीं होगी। गाइडलाइन दरों से संबंधित विभाग में वे भी पुनर्विचार याचिका दी जाएगी। किसानों ने शासन की इस जानकारी पर आपत्ति जताई है, जिसमें कहा गया है कि जमीन में मौजूद वृक्ष, फलदार वृक्ष, बोरवेल, बाउंड्री वॉल आदि का मूल्यांकन में समावेश नहीं किया जाएगा। मूल्यांकन निर्णय से पहले ग्राम सभा आयोजित करने के साथ किसानों की राय को प्राथमिकता दी जाए।

### जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन

कार्रवाई में देरी से किसान नाराज हैं। किसानों द्वारा 11 नवंबर को कलेक्टर कार्यालय और 9 नवंबर को को थाना उतई में दिए गए एफआईआर आवेदन पर आज तक कोई संतोषजनक उत्तर या कार्यवाही नहीं हुई है। अन्य वर्गों द्वारा किए गए आंदोलनों पर शासन ने त्वरित संशोधन किए, जबकि किसानों की वैध एवं शांतिपूर्ण मांगों को अनसुना किया गया है।किसानों ने बताया कि जब तक शासन द्वारा लिखित, आधिकारिक और संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं मिल जाता, तब तक सर्वे कार्य पर रोक लगाई जाए। मांग की गई है कि अधिग्रहण के बाद खेत तक पहुंचने के लिए रास्ता और नहर प्रयोग बाधित न हो। रास्ता ऐसा हो कि हार्वेस्टर और ट्रैक्टर आसानी से खेत तक पहुंच सकें। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द और संतुष्टिपूर्ण कार्यवाही नहीं हुई, तो किसी भी अप्रिय स्थिति के लिए शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा। सभा मे यशवंत साहू, डॉ. कोसरे, मलेश निषाद, अजय कुमार सिन्हा, सोनल, धर्मेंद्र देशमुख, प्रदीप देशमुख, सतीश देशमुख, जवाहर लाल, गोपेश्वर साहू, उमेश साहू सहित विभिन्न गावों के कई किसान उपस्थित थे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## नाली निर्माण कार्य को समय सीमा और गुणवत्तापूर्ण करने दिए निर्देश

# निगम आयुक्त ने वैशाली नगर जोन-2 के विकास कार्यों और समस्याओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-2 (वैशाली नगर) के अंतर्गत चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन नाली, प्रस्तावित और नवीन सड़क निर्माण स्थलों, अवैध कब्जों सहित जलभराव वाले क्षेत्रों का बारीकी से जायजा लिया। आयुक्त और जोन आयुक्त येशा लहरे ने साक्षरता चौक के समीप निर्माणाधीन नाली का निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिकों की सुविधा को देखते हुए गंदे पानी की बेहतर निकासी सुनिश्चित करने के लिए नाली निर्माण कार्य को समय सीमा और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। चौक के समीप प्रस्तावित रोड निर्माण स्थल का निरीक्षण कर प्रक्रिया पूर्ण होते ही कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। बीएमसाह और तीनदर्शन मंदिर के पास प्रगति पर रहे नवीन सड़क निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने सड़क की चौड़ाई और कोर को ध्यान में रखते हुए काम करने और कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

### सड़क निर्माण में अवैध कब्जा बनी बाधा

आयुक्त पांडेय ने निरीक्षण के दौरान पाया कि तीनदर्शन मंदिर के पास सड़क निर्माण में अवैध कब्जों के कारण बाधा आ रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन अवैध कब्जों को शीघ्र हटाने के सख्त निर्देश दिए ताकि सड़क निर्माण का कार्य निर्बाध रूप से पूरा हो सके।निगम आयुक्त ने कृपाल नगर के सड़क 2 में निर्मित जलभराव की स्थिति का जायजा लिया, जिससे नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। उन्होंने तत्काल इस समस्या का समाधान करते हुए सड़क को आवागमन के लिए व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए।



### मोहल्लों में सफाई का किया अवलोकन

आयुक्त पांडेय ने वार्ड के अन्य मोहल्लों में साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया और प्रतिदिन सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने क्षेत्र में स्थित एक उद्यान का भी निरीक्षण किया और उद्यान के भीतर साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, उप अभियंता चंदन निर्मल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा सहित जोन-2 के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 10 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129


**बाजार में सांता क्लाज के टाय की बढ़ी डिमांड**



## लाइव इवेंट

### वॉलीबॉल पुरुष-महिला दुर्ग टीम ईस्ट जोन प्रतियोगिता में लेंगी हिस्सा



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की वॉलीबॉल पुरूष-महिला टीम ईस्ट जोन प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुई। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि वॉलीबॉल पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन मुज्जफरपुर बिहार में 10 से 14 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। वही वॉलीबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन गुरू घांसीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर छ.ग. में ही 10 से 14 दिसंबर तक आयोजित होना है। दोनों टीमों का प्रशिक्षण शिविर स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय, हुडको में आयोजित कराया गया था। टीम के सभी खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने बेहतर प्रदर्शन की कामना करते हुए खिलाड़ियों को ट्रेकसूट, ड्रेस और जूता प्रदान किया गया। वॉलीबॉल पुरूष टीम का मैनेजर पी. हरिश क्रीड़ाधिकारी सेंट थॉमस महाविद्यालय, कैलाश नगर भिलाई व कोच आशुतोष राय खेल सहायक शासकीय नवीन महाविद्यालय, नागपुरा और वॉलीबॉल महिला टीम के मैनेजर डॉ. विरेन्द्र सिंह क्रीड़ाधिकारी शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई और कोच मनीषा वन विभाग दुर्ग है। इस अवसर विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव, उपकुलसचिव डॉ. राजमणि पटेल और सहायक कुलसचिव हिमांशु मण्डावी उपस्थित रहे।

पुरूष टीम में शामिल खिलाड़ियों में संदीप पाटिल स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको, सोमनाथ चंद्रवंशी सेठ रतनचंद सुराना महा. दुर्ग, उत्तम कुमार उइके सेठ आरसीएस कॉलेज दुर्ग, केतन मरकाम सेठ आरसीएस कॉलेज दुर्ग, शशांक परतेती शास. वी.वाई.टी. महा. दुर्ग, अमित कुमार सिन्हा शास. वी.वाई.टी. महा. दुर्ग, डाकेश उइके सेंट थॉमस महा. रुआबांधा भिलाई है। वहीं महिला टीम में कोमल सिंह शास. कन्या महाविद्यालय दुर्ग, दीप्ति राठौर शास. कन्या महाविद्यालय दुर्ग, रेणुका शास. कन्या महाविद्यालय दुर्ग, कुंचला कृतिका रेड्डी श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, जयंती बाग कल्याण महाविद्यालय भिलाई नगर, कामानी शास. नवीन महाविद्यालय बेरला सहित कवर्धा, राजनांदगांव से भी खिलाड़ी शामिल होंगे।



## सिटी इवेंट

### क्रांतिकारी सुखदेव ने दुर्ग में ली थी अंतिम सांसे, मनाई गई जयंती



**भिलाई।** देश की आज़ादी के लिए क्रांति का मार्ग अपनाने वाले जांबाज़ युवाओं में से एक सुखदेव राज की 118 वीं जयंती इंदिरा मार्केट दुर्ग में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, सुखदेव राज स्मृति स्मारक समिति और दुर्ग सिक्ख सभा के पदाधिकारियों द्वारा मनाई गई। इस दौरान पदाधिकारियों नें बताया कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह जैसे अग्रणी पंक्ति के क्रांतिकारियों के निकट सहयोगी रहे सुखदेव राज 1963 से 1973 तक इंदिरा मार्केट के पास स्थित शिशु कल्याण केंद्र के भवन में रहकर कुष्ठ रोगियों की सेवा करते हुए 5 जुलाई 1973 को इसी भवन में अंतिम सांस ली थी। उनका जन्म लाहौर में 7 दिसंबर 1907 को हुआ था। कालेज में पढ़ाई के दौरान वे क्रांतिकारियों के सम्पर्क में आए फ़िर अपना जीवन देश की आज़ादी के लिए समर्पित कर दिया। प्रयाग के अल्फ्रेड पार्क में चंद्रशेखर आजाद के अंतिम दिन 27 फरवरी 1931 को सुखदेव राज ही साथ में थे।

दुर्ग में आयोजित यादें कार्यक्रम में वक्ताओं ने दुर्ग जिला वासियों को उनके योगदान से अवगत कराया और जर्जर आवास के जीर्णोद्धार के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आर एन वर्मा, पूर्व महापौर व शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल भाजपा प्रदेश सचिव जितेंद्र वर्मा, समाजसेवी गुलबीर सिंह भाटिया,दुर्ग सिक्ख सभा के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह, सम्पूर्ण सिंह सैनी, बलविंदर सिंह अरोरा, सुरेन्द्र पाल सिंह दुलाई, सिकंदर सिंह सैखो, वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव, शिक्षाविद एच एस वर्मा, अधिवक्ता दिनेश वर्मा, बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सचिव सोनल कुमार गुप्ता, समाजसेवी कमलेश वैष्णव,भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बी के वर्मा, संभागीय उपाध्यक्ष बी एल गजपाल महामंत्री राजेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र देशमुख,पी डी वैष्णव, डी पी दिल्लीवार, बी के शर्मा, आर के भटनागर, शीतल साहू, एम एल वर्मा, रामाधार ताम्रकार, के के आडिल, अरुण गुप्ता सहित अन्य बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

● गिफ्ट्स की खरीदारी करने लोग पहुंच रहे बाजार, क्रिसमस ट्री और डेकोरेशन करने बुकिंग शुरू

# ट्विनसिटी का बाजार क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए तैयार, सांता क्लॉज के टॉय, स्टार्स और बॉल्स कर रहे आकर्षित, डेकोरेटिव आयटम की डिमांड

**ट्विनसिटी में क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए बाजार सजने लगा है। रंग-बिरंगे स्टार मसीहीजनों को खूब भा रहा है। बाजार में सांता क्लाज के टाय, स्टार्स, बाल्स की डिमांड बनी हुई है। क्रिसमस के आगमन के साथ चर्च का रंग-रोगन कर रंग-बिरंगी लाइट्स, मालाओं और फूलों से सजाया जा रहा है। साथ ही यीशु मसीह के जन्म का जश्न मनाने के लिए विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही हैं। इस तरह से क्रिसमस पर खुशियों का उपहार सांता क्लाज से पाने बच्चे उत्साहित हो रहे हैं। क्रिसमस जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है दुर्ग-भिलाई में जिंगल बेल्स जिंगल बेल्स जिंगल आल द वे' गीत हर किसी की जुबान पर छाने लगा है। बीते रविवार से गिरजाघरों में रौनक दिखाई दे रही है। रोज विशेष प्रार्थना हो रही है। क्रिसमस को लेकर चर्च में रिहर्सल भी प्रारंभ हो चुका है।**






### मोक्ष प्राप्ति के लिए करते है प्रार्थनाएं

क्रिसमस सेलिबरेशन के लिए क्रिसमस ट्री को प्रभु यीशु के जन्म की खुशी में सजाया जाता है, जो जीवन और आशा का प्रतीक है। इस पर तारे, लाइट्स और उपहार सजाए जाते हैं। क्रूस को सजाने के लिए पारदर्शी सफेद कपड़े, मोमबत्तियां और फूल लगाए जाते हैं, जो यीशु के जन्म का प्रतीक है। लोग धन्यवाद और मोक्ष प्राप्ति के लिए प्रार्थनाएं करते हैं। क्रिसमस की सुबह, लोग चर्च जाकर प्रभु यीशु की आराधना करते हैं। ऐसे में शहर के पावर हाउस, सेक्टर 6 ए मार्केट, रिसाली, दुर्ग इंदिरा मार्केट, बस स्टैंड रोड, भिलाई 3 में डेकोरेटिव शॉप, गोयल और अशोक गिफ्ट हाउस, नेहरु नगर स्थित मॉल, गिफ्ट शॉप पर क्रिसमस सेलिब्रेशन को लेकर डेकोरेटिव सामग्रियां पहुंच चुकी हैं, जहां खरीदारी भी शुरू हो चुकी है। घरों की साज-सजा, रंगरोगन भी मसीहजनों द्वारा किया जा रहा है।

**भिलाई।** 24 दिसंबर की रात को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस विशेष दिन को लेकर लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बाजार क्रिसमस के रंग में रंग रहे हैं। शहर भर में क्रिसमस ट्री, डेकोरेटिव वस्तुएं और ढेर सारे गिफ्ट्स आदि खूब सजने लगे हैं।

वहीं, अलग-अलग सांता क्लाज की ड्रेस और मुखौटे बच्चों की पहली पसंद बनी है। शहर के सभी गिरजाघरों में क्रिसमस पर्व की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। 25 दिसंबर को क्रिसमस उत्साह से मनाया जाएगा।

### बाजारों में चहल-पहल शुरू

क्रिसमस ट्री, ग्रीटिंग कार्ड्स व क्रेटिव सामान की दुकाने आकर्षित कर रही है। क्रिसमस को लेकर शहर के बाजार में चहल-पहल शुरू हो गई है। क्रिसमस ट्री, प्रभु यीशु के जन्म की आकर्षक तस्वीरें, ग्रीटिंग कार्ड्स बेचे जा रहे हैं। रेड और व्हाइट ड्रेस के अलावा सुनहरे ड्रेस में भी सांता क्लाज के टाप हैं। क्रिसमस पर्व को ध्यान में रखकर ही दुकानदारों ने दुकानों में बच्चों से लेकर बड़े लोगों तक का क्रेटिव सामान रखा है।

### सज रहे गिरजाघर हो रहे रंग-रोगन

क्रिसमस को लेकर बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है और उन्हें भी इंतजार है कि सांता क्लास उन्हें गिफ्ट देने आएंगे। क्रिसमस के लिए प्रभु यीशु के स्वागत के लिए गिरजाघर सजाए जा रहे हैं। साथ ही प्रार्थनाएं भी शुरू हुई हैं। रंग-रोगन का काम लगभग समाप्त हो चुका है। सुबह व शाम के सेलिब्रेशन किए जा रहे हैं। घरों में क्रिसमस ट्री सहित सजावट के सामान और रोशनी की जा रही है। रात के समय ग्रुप के रूप में कैरोल सिंगिंग से जीसस के आने की खुशियां मनाने निमंत्रण दिए जा रहे हैं।



## खुद के साथ विधाता के विधान पर विश्वास ही सच्चा समर्पण है : वीणा



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में कर्नाटक हुबली से आई गीता ज्ञान विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने ड्राइंग कांपिटिशन में विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते हुए गीता की बातें जीवन में धारण करने की बातें कही। उन्होंने सर्वशास्त्र शिरोमणि श्रीमद् भागवत गीता के अध्याय 9 के श्लोक 22वां के बारे में बताते हुए कहा कि जो संपूर्ण, समर्पण और मेरे अनन्य है जो उनको चाहिए, वो देगा और उसकी रक्षा भी करेगा। खुद पर विश्वास विधाता पर विश्वास और उसके विधान पर विश्वास ही समर्पण्यता है। बीके वीणा दीदी ने बताया कि अभाव, स्वभाव, प्रभाव, दबाव यह चार बातें हमें आकर्षित करती हैं। सूर्य की किरणें बिना किसी से प्रभावित हुए सम्पूर्ण प्रकृति, धरती, मनुष्यात्माओं सहित ब्रह्मांड को प्रभावित करती है।





दिल की बात दिल तक, दिमाग की बात दिमाग तक पहुंचती है। इसलिए सच्चे और साफ दिल से परमात्मा को याद करे। सच्चे दिल पर साहिब राज़ी। वहीं रिसाली मैत्री कुंज प्रभु प्राप्ति भवन में आयोजित ड्राइंग एंड पेंटिंग के सभी प्रतिभागी बच्चों को ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने पुरस्कृत किया। इस योग कार्यक्रम और गीता ज्ञान से आंतरिक परिवर्तन कार्यक्रम के लिए भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने वीणा दीदी का सम्मान किया। डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा आभार व्यक्त करने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी प्राची ने किया।

## शीतकालीन युवा चरित्र निर्माण और आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर 21 से, सीखेंगे अनुशासन

**भिलाई।** दुर्ग संभागीय शीतकालीन युवा चरित्र निर्माण एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 21 दिसंबर से लेकर के 28 दिसंबर तक आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई के परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस पूरे शिविर का आयोजन आर्य वीर और वीरांगना दल दुर्ग भिलाई के तत्वाधान में किया जा रहा है। युवा चरित्र निर्माण शिविर आर्य वीर वीरांगना दल का प्राथमिक अभ्यास वर्ग जिसे संभाग स्तर पर भिलाई में लगाया जाएगा। इस शिविर के शिविर अध्यक्ष ब्रह्मचारी संदीप आर्य के निर्देशन में शिविरार्थियों में अनुशासन के साथ - साथ देशभक्ति की भावना भरी जाएगी। इस दौरान 200 से अधिक आर्य वीरों और वीरांगनाओं के व्यायाम शिक्षक व शिक्षिकाएं डिंपल और कविता आर्य रहेंगे। जो शिविरार्थियों को व्यायाम के माध्यम से अनुशासन सीखने का कार्य करेंगे। इस पूरे कार्यक्रम में शिविरार्थियों को सामाजिक कार्यों को सेवा के रूप में करना सिखाया जाएगा। इस पूरे शिविर में दो सौ से अधिक शिविरार्थियों की संख्या रहेगी। अंत में होने वाले परीक्षा में जिन छात्रों द्वारा परीक्षा पास की जाएगी उन्हें सर्टिफिकेट दे कर आर्यवीर एवं आर्यवीरांगना उपाधि दी जाएगी। इस कार्यक्रम का आयोजन आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई के प्रधान अवनी भूषण पुरंग, उपप्रधान रवि आर्य, मंत्री प्रवीन गुप्ता, व्यवस्थापक आर्य वीर व वीरांगना छत्तीसगढ़ के अधिकारी और पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। जिसमें धर्माचार्य अंकित शास्त्री, वैदिक विद्वान डॉ अजय आर्य और छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा उपस्थित रहेंगे।

**लोग न सिर्फ वस्त्र दान कर रहे, बल्कि अपना समय, ऊर्जा और संवेदनशीलता भी समाज सेवा**

## कार्नर न्यूज

# जरुरतमंदों को बांटे कंबल और गर्म वस्त्र, खिल उठे चेहरे, कहा- सेवा करने से मिलता है सच्चा आनंद

**भिलाई।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए शहर के समाजसेवियों ने मिलकर कंबल और गर्म कपड़ों का जनसेवी वितरण अभियान संचालित कर रहे है। दुर्ग 5 बिल्डिंग, सेक्टर 6 आर्य समाज मंदिर, साईं मंदिर तथा आसपास के कई स्थलों पर पीड़ित और जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाई जा रही है। ट्विनसिटी के यह समाजसेवी अपने कार्यस्थल से लौटने के बाद एक साथ मिलकर जरुरतमंदों की सेवा करते हुए न सिर्फ वस्त्र दान कर रहे है, बल्कि अपना समय, ऊर्जा और संवेदनशीलता भी समाज सेवा में समर्पित कर रहे है।इस अभियान की शुरुआत करते हुए समाजसेवी हेमा सक्सेना ने बताया कि सेवा केवल कार्य नहीं, बल्कि मनुष्य के अस्तित्व का सबसे श्रेष्ठ उद्देश्य है।



### आंखों में दिखाई दी महिला की खुशी

कार्यक्रम का अनुभव साझा करते हुए आशुतोष सिंह ने कहा कि 'जब हम सेक्टर 6 नाले के पास कंबल दे रहे थे, वहां एक महिला को को हेमा ने कंबल दिया। उसने तुरंत उसे ओढ़ लिया और उसकी आंखों में जो तृप्त खुशी थी, वह शब्दों में नहीं बताई जा सकती। दोपहर के लगभग 3 बजे ही वह वही कंबल ओढ़े प्रसन्न दिखाई दी। उन्होंने कहा कि अमीर वह नहीं है जो महंगे कपड़े पहनकर और अपने ऊपर लाखों खर्च करके खुद को बड़ा बताता है। वास्तविक अमीरी वह है जो दूसरे के दुख को समझे, उसके दर्द को कम करे और उसकी मजबूरी और ठंड को समझ कर थोड़ा गर्म, थोड़ा सुरक्षित बना कर राहत दे। इस सेवा कार्य में आशुतोष सिंह और सतीश धीवर, प्रदीप यादव, नम्रता, प्रीति साहू, ओजस्वी सक्सेना, रेखा सिंह, आरती श्रीवास्तव, अल्पना त्रिपाठी, पूनम साहू और मनीषा शुक्ला, रचना पाल अनीता भारद्वाज, बाबू भाई, कौस्तुभ नायक लगातार साथ रहकर एरिया का अवलोकन कर वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाने में अहम भूमिका निभा रहे है। इन सभी सहयोगियों का कहना है कि सेवा भौतिक वस्तु का दान मात्र नहीं है, बल्कि किसी थके हुए जीवन में आशा की रोशनी जगाने का एक छोटा सा प्रयास है।

### परोपकार से मन को मिलती है शांति

डॉ. अजय आर्य ने बताया कि परोपकार से मन शांत होता है और ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। जीवन क्षणभंगुर है, इसलिए अच्छे कार्य का समय हमेशा यही वर्तमान होता है। यदि हम अपने जीवन का केवल एक प्रतिशत समय भी समाज के लिए दें, तो दुनिया स्वभावतः सुंदर हो सकती है। जब भी मैं कोई सेवा अभियान शुरू करता हूं, मेरे मित्र स्वयं आगे बढ़कर आ जाते है। दुनिया केवल अच्छी ही नहीं, बल्कि उसे अच्छा बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। भारतीय वैदिक संस्कृति तो हमें सदैव दूसरों के कल्याण के लिए प्रेरित करती है।

### सेवा कार्य आगे भी रहेगा जारी

अभियान में शामिल सभी समाजसेवियों की प्रेरणा, संवेदना और मानवीय दृष्टि ने सिद्ध किया कि सामूहिक सेवा केवल राहत प्रदान करने का कार्य नहीं, बल्कि मानवता की वैश्विक संस्कृति का विस्तार है। जो अपने श्रम, समय, संसाधन और करुणा से इस अभियान को सफल बनाते हुए आगे जारी रखेंगे।



सिटी इवेंट

## छग शिको काई कराते डू एसोसिएशन का हुआ गठन



**भिलाई।** शिको काई कराते इंटरनेशनल इंडिया के तत्वावधान में इस्पात क्लब सेक्टर-5 भिलाई में छत्तीसगढ़ शिको काई कराते डू एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें प्रदेश कराते संघ के गठन पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक इंडिया चीफ शिहान भारत शर्मा दवरा आयोजित की गई बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षकों, प्रतिनिधियों और कराते पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर सर्वसम्मति से हुए निर्णय में अध्यक्ष पद पर डी रमेश, उपाध्यक्ष अमर और हर्षा साहू, सचिव मुरली सिंह भारद्वाज, सहसचिव कमल पूजन और शशांक गुप्ता और कोषाध्यक्ष बिलासपुर के खेत्रो महानंद को बनाया गया। कार्यकारिणी में अनीस मनिहार रायपुर, रमेश प्रधान रायपुर, तुलसी सपहा रायपुर, डी राजेश दुर्ग, शिवा निर्मलकर बिलासपुर, सुमित खोटे शक्ति, अविनाश बंजारे कोरबा, विशाल पाठले जांजगीर, अपना चक्रवर्ती दुर्ग, अमित मंडल रायगढ़, संतोष यादव कवर्धा, नरेंद्र साहू कवर्धा, जय प्रकाश साहू राजनांदगांव, किरण साहू बलौदाबाजार, दीपक दास सारंगढ़, रोशन लकड़ा जशपुर और मनीष मरावी पेंड्रा मरवाही को स्थान दिया गया। बैठक में शिहान भारत शर्मा ने वर्चवल माध्यम से कहा कि नवगठित टीम छत्तीसगढ़ में कराते खेल को अधिक संगठित, सुदृढ़ और ऊर्जावान बनाने के लिए योजनाबद्ध रूप से कार्य करेगी। खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण, आत्मरक्षा पर आधारित शिविर, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी तथा नई प्रतिभाओं की खोज जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास दिलाया कि आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ की कराते टीम राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी।



धर्म लाइव


## हज के लिए जरूरी दस्तावेज से लेकर बताए वहां के तमाम तौर-तरीके



**भिलाई।** आगामी हज 2026 के लिए चयनित खुशकिस्मतों के लिए एक तरबीयत प्रशिक्षण प्रोग्राम गैलेक्सी बैंक्वेट हाल जुनवानी रोड अय्यप्पा नगर में रखा गया। दिन भर चले सत्रों में हज के अरकान को समझाया गया। पहले सत्र में मौलाना दिलशाद ने हज के बारे बताया कि हर बालिग, साहिबे हैसियत मर्द-औरत पर जिंदगी में एक बार हज फ़र्ज़ है।

साहिबे हैसियत वो है जिस पर जकात फ़र्ज़ है ओर वो हज के सफर पर पूरा ख़र्च लेकर चले। इस दौरान अपने घरवालों का खर्चा भी छोड़े ताकि सफ़र हज में उसके वारिसों को दूसरों से मांगने की नौबत ना आए। दूसरे सत्र में हज़रत सैय्यद जमीर ने हज जा रहे लोगों को जरूरी कागजी कार्यवाही और पासपोर्ट की दुरुस्तगी और सफ़र हज़ में साथ रखने वाले जरूरी सामानों की फेहरिस्त बताई। तीसरे सत्र में हाजी मीर हामिद ने हज की किस्म, उसके फ़र्ज़, सुन्नत,वाजिबात और अरकान हज के दौरान पढ़ी जाने वाली दुआएं, कलमे, तलबिया ,वाजिबात की पूरी तफसील से जानकारी दी। वहीं एहराम बांधना सिखाया गया। मौलाना दिलशाद ने हज की फजीलत को कुरआन और हदीस की रोशनी में बयान किया। चौथे सत्र में हाजी नैयर इकबाल ने हज के दौरान कंकरियां मरने की तरीका बताया। हाजी हारून अंसारी ने इस दौरान मदीना मुनव्वरा में दो किबले वाली मस्जिद, मस्जिद कुबा और दूसरी जियारत मुकाम की फजीलत और उनकी अहमियत को समझाते हुए जरूरी जगहों पर नमाज और दुआ पढ़ने के फायदे बताए। इसके लिए हज सुविधा एप डाउनलोड कर अपने हज इंस्पेक्टर को वहां पर आ रही समस्या से अवगत करा सकते हैं। इस दौरान सैय्यद असलम, अमीन कुरैशी, कमरुल हक, फ़ज़ल अंसारी,सईद ,सैयद रिजवान, इम्तियाज, वसीम,शफीक, हाफिज इश्तियाक, मुकीम, सुफियान, नुसरत ,जैद मीर हमीद, अजीम सहित हज पर जाने वाले जायरीन मौजूद थे।

## क्वालिटी स्लोगन प्रतियोगिता में मोहन को मिला सांत्वना पुरस्कार



**भिलाई।** सेल-सी.ई.टी. रांची द्वारा नवम्बर में क्वालिटी मंथ मनाया गया। इस दौरान कार्मिकों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें सेट रांची के अलावा यूनिट कार्यालय भिलाई सब सेंटर के पांच कार्मिकों ने हिस्सा लिया था। जिसमें मोहन उमरे, अनुभाग अधिकारी को को स्लोगन प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। वहीं दयानंद साहू, गोपिकृष्णन टी.सुधीर अग्रवाल एवं निवेश तिवारी को प्रतिभागी के रूप में सम्मानित किया गया। सेट मुख्यालय रांची से प्रेषित सर्टिफिकेट और प्रतीकचिन्ह को सेट भिलाई के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी प्रणय कुमार द्वारा संबंधित कार्मिकों को प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सौरभ कुमार राजा, मंजू हरिदास, पुनीत चौबे, चैतन्य वेंकटेश्वर, संदीप कुमार, पारमिता महंती, तरुण कुमार, विनय कुमार यादव, धीरज शाह,ए.वाई चेनुलू, इरेनी वेंकटेश, नितिन चौबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नगपुरा में मुख्य यजमान जिपं. सभापति प्रिया साहू सहित 18 गांव के ग्रामीण कर रहे तैयारी

# शिवमहापुराण के लिए लग रहे विशाल डोम, हर दिन सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ जागरुकता के कार्यक्रम

भिलाई। दुर्ग नगपुरा में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले की शिवमहापुराण कथा 17 से 21 दिसंबर को आयोजित है। कथा स्थल को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। स्थाई पंडाल भी लगना शुरू हो गया है। मुख्य यजमान जिला पंचायत सभापति व जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 की सदस्य प्रिया साहू सहित 18 गांव के ग्रामीण हैं। पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मुख्य यजमान प्रिया साहू के साथ कथा स्थल का मुआयना किया। खास बात यह है कि जैसे ही हर दिन पं. मिश्रा की कथा विराम होगी। उसके बाद हर शाम को 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। यह चार दिन तक चलेगा।जनजागरूकता के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।



### क्षेत्र की जनता का कल्याण व सेवा का है संकल्प

मुख्य आयोजक सभापति प्रिया साहू ने बताया कि क्षेत्र की जनता ने मुझे सेवा का अवसर दिया है। मैं शिवमहापुराण कथा के माध्यम से क्षेत्र की जनता का कल्याण हो इस उद्देश्य को लेकर चल रही हूं। भगवान भोलेनाथ जगत का उद्धार और कल्याण करने वाले हैं। उनकी कृपा से हम सभी लोगों का जीवन सुखमय होगा। इस विश्वास के साथ शिवमहापुराण की कथा आयोजन में पूरे ग्रामीणों की सहभागिता भी हमें मिल रही है।

### पांच लाख से भी ज्यादा क्षमता का स्थल हो रहा तैयार

मुख्य आयोजक जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू ने बताया कि कथा स्थल 150 एकड़ से ज्यादा क्षेत्रफल में तैयार करवाया जा रहा है। पांच से 6 लाख श्रद्धालु के यहां पहुंचने का अनुमान है। इस हिसाब से यहां पूरी तैयारी की जा रही है। प्रदेश में अब तक आयोजित शिवमहापुराण कथा स्थलों में से यह विशाल स्थल है। यहां मुख्य रूप से तीन विशाल डोम का निर्माण शुरू किया गया है। उसके बाद दो दर्जन से ज्यादा पंडाल और लगेंगे। जिससे श्रद्धालुओं को पूरी सुविधा मिल सके।



### बेटी-बचाओ, नशामुक्ति व साइबर क्राइम पर जन जागरुकता

मुख्य यजमान जिला पंचायत सभापति व जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 की सदस्य प्रिया साहू ने बताया कि शिवमहापुराण कथा के साथ जनजागरूकता को भी जोड़ा गया है। कथा होने के बाद हर दिन अलग-अलग विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बेटी-बचाओ, नशामुक्ति और साइब्रर क्राइम से बचने जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। पुलिस व जिला व आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में ये कार्यक्रम रोज चलेंगे। इसके लिए भी कथा स्थल पर विशाल एलईडी लगाई जा रही है।

### पार्किंग स्थल, वीआईपी अस्थाई रोड तैयार

मुख्य आयोजक प्रिया ने बताया कि कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के पहुंचने के लिए तीन तरह का रोड उपयोग में लाया जाएगा। एक रोड से बोरी , लिटिया, सेमरिया होते हुए धमधा मार्ग की तरफ से कथा स्थल पर श्रद्धालु पहुंच सके ऐसी व्यवस्था की जा रही है। दूसरे रोड से बोरई, मुड़पारा, घुमका होते हुए राजनांदगांव के श्रद्धालुओं के आवागमन को ध्यान में रखते हुए काम चल रहा है। तीसरे रोड से जालबांधा-खैरागढ़ रोड से श्रद्धालु यहां पहुंच सकते हैं। श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल और वीआईपी लोगों के लिए अस्थाई रोड का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण

मुख्य आयोजक प्रिया साहू के साथ पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कथा स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों को परखा। प्रिया साहू ने बताया कि शिवमहापुराण की कथा आयोजन में शासन व प्रशासन का पूरा सहयोग कर रही है। तैयारी के बीच उनसे लगातार संपर्क में हैं। पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा, चिकित्सा, पेयजल, बिजली, शौचालय आदि कई तरह की सुविधाएं जुटाने में उनकी मदद ली जा रही है।

600 बच्चों ने लिया था हिस्सा

## बीबीएस ड्राइंग स्पर्धा के नतीजे घोषित, ग्रुप ए में जान्हवी प्रथम

**भिलाई।** भिलाई बंगाली समाज (बीबीएस) द्वारा विगत 7 दिसंबर को ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग-भिलाई में किया गया था। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर 10 वीं तक के करीब 600 बच्चों ने हिस्सा लिया। निर्णायक दल ने विजेता प्रतिभागियों के नामों की घोषणा की है। ग्रुप ए में जाह्नवी अंबवानी प्रथम, ग्रुप बी में अनिका बाम्बोडे, ग्रुप सी में शबा रानी और ग्रुप डी में ए. ऋषिक प्रथम रही। विजेताओं का सम्मान नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर 22 जनवरी तथा 23 जनवरी को फूड फेस्टिवल के दिन ओपन एयर थिएटर सिविक सेंटर भिलाई में किया जाएगा।



ग्रुप ए में प्रथम जाह्नवी अंबवानी, दूसरा गुरमीत कौर, तीसरा यशवी मंडल और युदित, पैनशुल धावले, मिशिता सेन, गुरुप्रिया कौर, भाविका ठाकुर, अर्ज्याही चक्रवर्ती, आयुष्मान साहू, नेहा बारले, लक्षिता, हिंदवी, रेवेंथ पांडे को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। ग्रुप बी में प्रथम अनिका बाम्बोडे, दूसरा आरुषि यादव, तीसरा ऋषा खेतान और सांत्वना पुरस्कार के लिए अहेली दास, भूमिका कोचेंद्र, भूमिका वर्मा, पलाश हलधर, शिफा निकोल्स, अंशिका मिश्रा, प्रीतम मिश्रा, बनिता मकल, भूमिका अग्रवाल, यथार्थ गुप्ता ने जगह बनाई। ग्रुप सी में प्रथम शबा रानी, द्वितीय सियोना सेन, तृतीय माधुरी सिंह और सांत्वना पुरस्कार अभिनव रजक, सयादा बानो, अधीरा शर्मा, आशी बडोले, अन्वेषा तिवारी, डोयेल नंदी, सगुन यादव, अर्शित नायले, अश्वर्धा जायसवाल, ओविया मौर्य। ग्रुप डी में प्रथम ए. ऋषिक, द्वितीय काव्या बंसोड़, तृतीय तनिशी गुप्ता रहे। वहीं आशिता सोनी, अर्घदीप सेन, अर्पिता शिवारे, हर्षिता मिश्रा, कार्तिकी कुमारी शर्मा, अनुष्का पांडे, आकाश शाह, मोनिका साहू, सिया निगम, प्रज्ञा पाल को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 31 से रिसाली में

## आध्यात्मिक अनुष्ठान के लिए हुआ भूमिपूजन, किया शुद्धिकरण



**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 31 दिसम्बर से 3 जनवरी तक छोटा दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर भिलाई में राष्ट्रिय शौर्य समृद्धि के लिए 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान और 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की विधिवत शुरुआत भूमिपूजन कर की गई। इस दौरान 500 गायत्री परिजनों और गणमान्य नागरिकों द्वारा अनुष्ठान यज्ञ की सफलता के लिए वेद मंत्र का सस्वर उच्चारण कर 33 कोटि देव शक्तियों का आवाहन किया गया। यज्ञ स्थल का भूमिपूजन गायत्री साधना केन्द्र रिसाली के वरिष्ठ प्रज्ञापुत्र महेन्द्र वर्मा, पृथ्वीपाल साहू, सुनील वैष्णव, रामस्वरूप साहू, भूपेन्द्र मेश्राम द्वारा सम्पन्न कराया गया।

गायत्री परिवार के कार्यकर्ता मोहन उमरे ने बताया कि भूमिपूजन किसी भी धार्मिक अनुष्ठान और यज्ञ की सफलता के लिए उस स्थान तथा आस-पास के क्षेत्र को आध्यात्मिक उर्जा से ओतप्रोत और शुद्धिकरण करने का एक महत्वपूर्ण प्रथम चरण होता है। इस अवसर पर रमशीला साहू, डॉ. दयाराम साहू, महापौर शशि सिन्हा, डॉ एस. कुमार, डॉ लक्षप्रद नंदुकर, डॉ रानू लक्षप्रद नंदुकर, श्रद्धा साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, धीरज लाल टांक, रामस्वरूप साहू, कृष्णा साहू, डॉ कामता प्रसाद साहू, कविता साहू, मोहन उमरे, योगेश साहू, डॉ वाई.के. साहू, रामाधार महिलांग, के.पी.बघेल, वर्षा वापरे, सत्यभामा चन्द्राकर, पावन उइके, राजेन्द्र वानखेड़े, डॉ अमृत गुरूवेन्द्र, टेक राम साहू, मयंक सहित आदि मौजूद थे।

मंदिर परिसर के विकास के लिए मिलेंगे विधायक निधि से 3 लाख रुपए

## आंधा देवांग समाजम को एकजुट होकर आगे बढ़ने किया प्रेरित, बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** आंधा देवांग समाजम का पारिवारिक मिलन समारोह रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर सेक्टर-6 में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू और भिलाई एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक देवेन्द्र यादव ने आंधा देवांग समाजम के सदस्यों बातचीत की और उन्होंने रामेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की और विश्वास दिलाया कि वे आगे भी समाज के उत्थान के लिए आगे रहेंगे। मंदिर परिसर के विकास के लिए विधायक निधि से 3 लाख रुपए देने की घोषणा की और उन्होंने आंधा देवांग समाजम के आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मीपति राजू ने तेलुगू समाज के प्रत्येक धड़े को एकजुट होने और साथ मिलकर आगे बढ़ने प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित रहे सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने आश्वस्थ किया कि वे समाज की किसी भी तरह की समस्या का समाधान करने प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था सर्व समाज कल्याण समिति द्वारा जरूरतमंदों को हमेशा मदद पहुंचाई जाती है, चाहे वे किसी भी समाज से हों। सर्व समाज कल्याण समिति की ओर से मलकित सिंह, अनिल चौधरी, जोगा राव, निर्मल सिंह, शाहनवाज़ कुरैशी, रमन राव, इंद्रजीत सिंह, डॉ. हरजीन्दर सिंह, वाजिद अंसारी, हरेंद्र यादव, अनिल सिंह, सोम सिंह आदि उपस्थित रहे।







### समाज के वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान

आंध्र देवांग समाजम के कार्यक्रम के दौरान पूर्व अध्यक्षों व पदाधिकारियों के साथ वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। वरिष्ठजनों को शाल व भगवा गमछे से सम्मानित किया गया। समाज के अध्यक्ष भीमा राव के द्वारा वर्तमान पदाधिकारियों व सहयोगियों को देवांग समाज की आराध्य देवी चौडेश्वरी माता का तैलचित्र भेंट स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। इन कलाकारों को समाज के द्वारा पुरस्कृत किया गया। यही नहीं समाज के वे बच्चे जो खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं उन्हें भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक एस. चंद्रशेखर, अध्यक्ष जी. भीमा राव, कोषाध्यक्ष पी. रामाराव जी, उपाध्यक्ष जी. मुकेश, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष वाई. ईश्वरी जी, महासचिव के. यशोदा जी, उपाध्यक्ष आई. ईश्वरी जी, के. मोहन राव, एम. लोकेश, जी. पूर्णिमा, के. शंकर राव, पी. चलपति और ए. गोपाल सहित समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-16 क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की बिहार के विरुद्ध 32 रनों से जीत



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर-16 विजय मर्चेंट मल्टी डे ट्रॉफी 2025 का आयोजन 07 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच 07 दिसंबर को ग्वालियर में बिहार अंडर-16 टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन छत्तीसगढ़ अंडर-16 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 46.1 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर केवल 123 रन ही बनाये। बिहार की ओर से अमन कुमार ने सर्वाधिक 66 रन तथा यश ने 22 रन बनाये। छत्तीसगढ़ अंडर 16 टीम की ओर से अरहम नाहर ने 6 विकेट तथा अर्शवीर सिंह भाटिया ने 2 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी 120.5 ओवरों में 9 विकेट खोकर 390 रन बनाकर घोषित कर दी। छत्तीसगढ़ की ओर से तुश्या प्रजापति ने शानदार शतक लगाते हुए 103 रनों की पारी खेली। वहीं रणवीर चड्ढा ने 71 रन बनाये तथा प्रतीक गंर्धव ने 69 रन बनाये।

बिहार की ओर से अंश अरमान ने 4 विकेट तथा मंदिप सिंह ज्ञानी ने 3 विकेट प्राप्त कियें। बिहार ने अपनी दूसरी पारी में 85.2 ओवरों में 235 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। बिहार की ओर से अभिनव सिन्हा तथा पीयूष कुमार ने 46-46 रन बनाये तथा अमन कुमार ने 43 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से अर्शवीर सिंह भाटिया ने 3 विकेट, अरहम नाहार, तुश्या प्रजापति तथा यर्थाथ सिंह चौहान ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने मैच 32 रनों से जीत लिया।

### कूच बेहार ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के रूद्र और तेजस की शानदार पारी





**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 19 कूच बेहार ट्रॉफी 2025 का आयोजन 16 नवंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा चार दिवसीय मैच (08-11 दिसंबर) को चंडीगढ में चंडीगढ अंडर-19 टीम के विरुद्ध खेला गया। दूसरे दिन चंडीगढ़ अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। चंडीगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 119.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 398 रन बनाए। चंडीगढ़ की शुरुआत अच्छी नहीं रहे तथा उनके पहले तीन विकेट 0 पर आउट हो गये। परंतु उनके बाद मार्कडेय पांचाल के 149 रन तथा गगनप्रीत सिंह के नाबाद 131 रनों की बदौलत चंडीगढ की पारी 350 रनों के पार पहुंच पायी। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से रुद्र प्रताप देहारी ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 5 विकेट तथा रोहित यादव ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ अपनी पहली पारी में 58.3 ओवरों में 186 रन बनाकर आल आउट हो गयी। छत्तीसगढ़ की ओर से तेजस मोरे ने सर्वाधिक 67 रन तथा विकल्प तिवारी ने 43 रनों का योगदान दिया। वहीं चंडीगढ की ओर से गगनप्रीत सिंह ने 5 विकेट तथा अंकन ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 212 रनों से पीछे है।

### प्लेट ग्रुप में रायपुर ब्लू और दंतेवाड़ा ने जीते अपने मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे एवं अंतिम दिन शानदार मुकाबले हुए। धमतरी में टीम रायपुर ब्लू ने धमतरी के विरुद्ध 9 विकेट से जीत हासिल की और 6 अंक प्राप्त किये। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू ने दूसरी पारी अपने कल के स्कोर एक विकेट पर 67 रन से आगे खेलते हुए एक विकेट पर 113 रन बनाकर यह मैच नौ विकेट से जीता। तेजस्वी कलभोर ने नॉट आउट 41 रन, आदर्श पांडे ने नाट आउट 36 रन और अमितेश मिश्रा ने 25 रन बनाए। गेंदबाजी में धमतरी आशीष शर्मा ने एक विकेट लिए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम रायगढ़ के विरुद्ध दंतेवाड़ा ने 40 रन से जीत हासिल की और 6 अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में रायगढ़ ने दूसरी पारी में अपने कल के स्कोर बिना कोई विकेट खोए एक रन से आगे खेलते हुए 144 रन बनाए और टीम आउट हो गई। दीपेश पासवान ने 46 रन, उमंग विश्वकर्मा ने 35 रन और हार्दिक वलेचा ने 34 रन बनाएं। गेंदबाजी में दंतेवाड़ा के कैप्टन अंजल रेड्डी ने 5 विकेट लिए। राहुल ने तीन विकेट एम दुर्गेश ने एक विकेट लिए और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

#### बढ़ती उम्र में सेहत को बरकरार रखना हर भारतीय के लिए चुनौती

# पांच 'मंत्र' का पालन कर लिए तो हमेशा जवां दिखेंगे आप, बदलनी होगी अपनी जीवनशैली

उम्र बढ़ने के साथ सेहत में गिरावट आना एक सामान्य प्रक्रिया है। 35 की उम्र के बाद अक्सर लोगों को बीमारियां घेरने लगती है कुछ लोग अपना संतुलन भी खोने लगते हैं। ऐसे में ब्रिटेन के एक डॉक्टर ने पांच आदतों को शामिल करने का सुझाव दिया है, जिसके बारे में आपको भी जानना चाहिए।

उम्र बढ़ना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन आप कितने 'जवां' दिखते हैं और महसूस करते हैं, यह पूरी तरह से आपकी दैनिक आदतों पर निर्भर करता है। 35 की उम्र के बाद, शरीर की कोशिकाएं और मेटाबॉलिज्म धीरे-धीरे बदलना शुरू कर देते हैं, जिसके लिए जीवनशैली में कुछ बदलाव करना जरूरी हो जाता है।

अगर हम अपनी दिनचर्या में कुछ सरल और विज्ञान-आधारित नियमों को शामिल कर लें, तो हम न केवल शारीरिक रूप से फिट रह सकते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं। ये आदतें लंबी उम्र, बेहतर संज्ञानात्मक कार्य और बीमारियों से बचाव की गारंटी देती हैं। इन्हीं महत्वपूर्ण आदतों के बारे में ब्रिटेन के फेमस डॉक्टर आमिर खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करके बताया है। उन्होंने 35 के बाद हर व्यक्ति के लिए पांच नियमों को पालन करने का सुझाव दिया है, जिसके



आपको भी जानना चाहिए।

### सुबह की रोशनी लें

डॉ. खान के अनुसार, सुबह जल्दी उठकर प्राकृतिक रोशनी लेना बहुत आवश्यक है। सुबह की रोशनी सीधे हमारी सर्केडियन रिदम यानी शरीर की आंतरिक घड़ी को नियंत्रित करती है। यह मेलाटोनिन (नींद का हार्मोन) के उत्पादन को रोकती है और दिन की शुरुआत के लिए आवश्यक हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाती है। इससे आपकी नींद की गुणवत्ता सुधरती है और आप दिनभर अधिक सतर्क महसूस करते हैं।

### रोज वीओ 2 मैक्स को बढ़ाएं

मैक्स (अधिकतम ऑक्सीजन उपयोग क्षमता) आपके हृदय स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण संकेतक है। इसे बढ़ाने के लिए रोजाना थोड़ी देर तेज इंटेंसिटी वाली कसरत करें। 20-30 सेकंड के लिए तेज दौड़ना या सीढ़ियां चढ़ना जैसी गतिविधियां करें। ये छोटी लेकिन तीव्र कसरत न केवल फेफड़ों की क्षमता, बल्कि हृदय की कार्यक्षमता को भी बेहतर बनाती है, जिससे आप लंबे समय तक जवां बने रहते हैं।



### अपना ब्लड प्रेशर जानें

डॉ. खान जोर देते हैं कि 35 के बाद नियमित रूप से अपना ब्लड प्रेशर जांचते रहें। हाई ब्लड प्रेशर को भी 'साइलेंट किलर' कहा जाता है, क्योंकि इसके कोई लक्षण नहीं होते। ब्लड प्रेशर की जानकारी होने से आप हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने के लिए समय पर जीवनशैली में बदलाव या चिकित्सा उपचार शुरू कर सकते हैं।



### अपने संतुलन का ट्रेनिंग करें

उम्र के साथ संतुलन बिगड़ने लगता है, जिससे गिरने का खतरा बढ़ जाता है। अपने न्यूरोमस्कुलर सिस्टम को एक्टिव रखने के लिए रोज एक पैर पर खड़े होने या योग जैसे अभ्यास करें। इससे चोट लगने का जोखिम कम होता है और तंत्रिका तंत्र और मांसपेशियों के बीच बेहतर समन्वय बना रहता है।

### मांसपेशियां और हड्डियां बनाएं

35 के बाद मांसपेशियों का नुकसान और हड्डियों का घनत्व कम होना शुरू हो जाता है। इससे बचने के लिए रेजिस्टेंस ट्रेनिंग (जैसे वजन उठाना या पुश-अप्स) बहुत जरूरी है। यह न केवल मांसपेशियों को मजबूत करता है, बल्कि यह हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने में भी मदद करता है, जिससे आप शारीरिक रूप से मजबूत और फुर्तीले बने रहते हैं।



## कंधे के दर्द का इलाज है ये योगासन आपको मिलेंगे कई स्वास्थ्य लाभ

दिनभर बैठकर डेस्क वर्क करने से शरीर का पोस्चर बिगड़ जाता है। साथ ही कंधे, कमर व पीठ में दर्द की शिकायत हो सकती है। कई बार गलत तरीके से सो जाने के कारण भी सुबह उठने पर कंधे व हाथों में दर्द होने लगता है। अक्सर कंधे पर भारी सामान उठाने, ज्यादा एक्सरसाइज करने से कंधे पर अत्यधिक खिंचाव के कारण मसल्स में तनाव बढ़ जाता है। उम्र बढ़ने के कारण हड्डियां कमजोर हो जाती हैं।

कंधों में दर्द के कारण उठने बैठने और कई कार्य करने में समस्या होती है। इस दर्द से निजात पाने के लिए योगासन रामबाण इलाज हो सकता है। योग से कंधे का दर्द और कई अन्य शारीरिक समस्याओं से निजात मिल सकता है।

कई योगासन हैं, जिनका अभ्यास अलग अलग समस्याओं से राहत दिलाता है। हालांकि कंधों के दर्द से छुटकारा चाहते हैं तो हलासन योग का अभ्यास नियमित तौर से करें। हलासन के अभ्यास से कमर व छाती के हिस्से में रक्त प्रवाह बढ़ाता है और गले व गर्दन के तनाव को कम किया जा सकता है। आइए जानते हैं हलासन के अभ्यास का सही तरीका और हलासन योग के फायदे।

### हलासन के अभ्यास का तरीका

हलासन के अभ्यास के लिए मैट पर पीठ के बल लेटकर हथेलियो को शरीर से सटा लें। अब पैरों को कमर से 90 डिग्री का कोण बनाते हुए ऊपर उठाएं। इस दौरान हाथों से कमर को सहारा दे सकते हैं। सांस अंदर की ओर खींचते हुए टांगों को सीधा रखें और सिर की तरफ झुकाएं। ऐसा करने से पैर सिर के पीछे हो जाएंगे। पैर सिर के उतना पीछे ले जाने का प्रयास करें, जिससे पैरों के अंगूठे जमीन को छू सकें। इस पोजिशन में कुछ देर स्थिर रहते हुए श्वास पर ध्यान केंद्रित करें।

## चंडीगढ़ सिंग्स ने 140 रन के विशाल अंतर से जीत लिया मैच

**रायपुर।** शहीद भाई तारु सिंह फाउंडेशन की ओर से राजधानी रायपुर में आयोजित 17 वीं एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अपने शानदार खेल का प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं। मंगलवार को भी दो मैच हुए। पहला मैच चंडीगढ़ सिंग्स ने 140 रन से व दूसरा मैच सिंग ए पंजाब पटियाला ने 9 विकेट से जीता। एक प्रकार से दोनों ही विजयी टीम ने एकतरफा

- दूसरे मैच में सिंह ए पंजाब पटियाला की 9 विकेट से जीत

जीत दर्ज करायी। चंडीगढ़ सिंग्स के उद्घाटक बल्लेबाज जोरसिंह ने रनों की झड़ी लगा दी, उन्होंने 101 रन (55) की नॉटआउट पारी में 6 चौके व 8 छक्के लगाये।

मैच के बारे में जानकारी देते हुए मुखी त्रिलोचन सिंह काले ने बताया कि पहले मैच में चंडीगढ़ सिंग्स ने 3 विकेट खोकर 243 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। दोनों ही ओपनर ने शानदार बल्लेबाजी की। जोराब सिंह ने 101 रन (55 गेंद) जिसमें 6 चौके व 8 छक्के और मनिंदर सिंह ने 48 गेंद पर 91 रनों की शानदार पारी खेली। यूनाइटेड सिंग्स अनंतनाग



की ओर से सुमीत, पवनीत व कुलजीत ने 1-1 विकेट लिए।

जवाबी पारी खेलने उतरी यूनाइटेड सिंग्स अनंतनाग की टीम पर बड़े स्कोर का दबाव साफ दिख रहा था। टीम ने हालांकि 20 ओवर का सामना तो किया लेकिन 9 विकेट के नुकसान पर 103 रन ही बना पायी। जिसमें नीतू सिंह के 26, कुलजीत 13 व विशुपाल के 24 रन शामिल रहे। चंडीगढ़ सिंग्स की ओर से साहिब ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 8 रन देकर 5 विकेट लिए। हरप्रीत ने 2, जोबनप्रीत व परविंदर ने 1-1 विकेट लिए। दूसरे मैच में सिंग ए पंजाब पटियाला ने 9 विकेट से आसान जीत दर्ज की। इससे पहले राइजिंग स्टार मतंग की टीम 16.2 ओवर में 98 रन पर ऑल आउट हो गई। सहजपाल ने 39 व गोलू ने 30 रनों का योगदान दिया। इस मैच में पटियाला के गेंदबाज भवनदीप सिंह ने 3.2 ओवर में मात्र 8 रन देकर 5 विकेट लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। गुरदीप ने 2, रणजीत व जसप्रीत ने 1-1 विकेट लिए। सिंग ए पंजाब पटियाला ने मात्र 9.4 ओवर में ही एक विकेट खोकर जीत का लक्ष्य 99 रन आसानी से पूरा कर लिया। ओपनर कुमे अंबाला ने 71 रन (34) में 10 चौके व 2 छक्के जड़े। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए आज अतिथि के रुप में स. सुरिंदर सिंह छाबड़ा, स. सतपाल सिंह गिल, स. इंदरजीत सिंग छाबड़ा, स्टेशन रोड गुरुद्वारा कमेटी के सचिव स. मनजीत सिंह सलूजा, स. वरियाम सिंह छाबड़ा, स. मनिंदर सिंह, स. हरविंदर सिंह खनूजा, स.अनूप सिंह उपस्थित थे।

## ऑल इंडिया ओपन कराते चैंपियनशिप में अद्विका नत्थानी ने जीते 2 गोल्ड मेडल



**रायपुर।** भिलाई सेक्टर 9 महिला महाविद्यालय छत्तीसगढ़ में ऑल इंडिया ओपन कराते चैंपियनशिप-2025 का आयोजन हुआ। यह 6 से 7 दिसंबर को आयोजित किया गया। इसमें देश भर के 794 कराते खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। इस प्रतिस्पर्धा में रायपुर के काफ क्लब के नाम 3 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर मेडल, 3 ब्रॉन्ज मेडल आया। काफ क्लब के खिलाड़ियों ने अपने अपने वजन वर्ग में काता एवं कुमीते में मेडल प्राप्त किया। अद्विका नत्थानी ने 2 गोल्ड मेडल, प्रणव ध्रुव 1 गोल्ड व 1 सिल्वर मेडल, जयेश सपहा 1 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज मेडल, मोक्ष तारक 1 ब्रोज़ मेडल, एमी देवांगन ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर काफ क्लब के प्रमुख रेंशी तुलसीराम सपहा द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई। उपरोक्त जानकारी सीनियर प्रशिक्षक सेंसेई आशीष कुमार शर्मा ने दी।

## आंचलिक क्रिकेट प्रतियोगिता- 2025 में हरियाणा की टीम बनी विजेता



**रायपुर।** आंचलिक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा आंचलिक क्रिकेट प्रतियोगिता (मध्य क्षेत्र)-2025 का आयोजन हुआ। इस आंचलिक क्रिकेट प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम विजेता बनी। यह टूर्नामेंट 8 से 9 दिसंबर तक रियाज क्रिकेट एकादमी,क्रिकेट मैदान में आयोजित किया गया। इसमें कर्मचारी अविष्य निधि संगठन की 5 टीमों मुख्यालय (नईदिल्ली), हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश एंव छत्तीसगढ़ ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पहले दिन के मैच में पहला मैच स्वागत समारोह के पश्चात मध्यप्रदेश एंव हरियाणा के बीच हुआ, जिसमें हरियाणा ने अपनी कुशल रणनीति के आधार पर जीत हासिल की। दूसरा मैच, जो कि सेमीफाइनल था। उसे क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर की छत्तीसगढ़ टीम ने मुख्यालय, नई दिल्ली के साथ खेला। इस मैच में मुख्यालय (नईदिल्ली) ने जीत दर्ज कर और फाइनल में जगह बनाई। पहले दिन का तीसरा मैच राजस्थान एंव हरियाणा के मध्य खेला गया। हरियाणा ने इस रोमांचक मैच में जीतकर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया। मंगलवार को को खेले गए फाइनल मैच में हरियाणा की टीम ने दिल्ली (मुख्यालय) के साथ खेलते हुए 183/5 रन का स्कोर बनाया। जिसका पीछा करते हुए दिल्ली (मुख्यालय) की टीम केवल 142/7 रन ही बना पायी और हरियाणा की टीम इस टूर्नामेंट विजयी हुई। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता की समाप्ति पर समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अनिल कुमार साहू (भारतीय वन सेवा) प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छ.ग. शासन उपस्थित थे एंव समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यालय प्रभारी श्री जयवदन इंगले, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 ने की एंव विजेता टीम को बधाई देते हुए आल इण्डिया टूर्नामेंट में प्रतिभागिता के लिए शुभकामनाएँ दी।

कार्नर न्यूज

#### जानिए हिंदू विवाह में कन्यादान का अर्थ और महत्व

# कन्या दान का सही अर्थ जरूर जानिए, यह बेटी का दान नहीं, बल्कि है एक पिता की ओर से किया गया सम्मान

लोग बिना रीति रिवाजों का सही अर्थ और महत्व जाने, उसे पिछड़ी सोच या रूढ़ीवादी परंपरा का हिस्सा बताकर नकार देते हैं। शादी में कन्यादान की परंपरा का भी सही अर्थ लोगों को पता नहीं है। आइए जानते हैं क्यों कन्यादान किया जाता है। हिंदू विवाह सिर्फ दो लोगों के बीच का बंधन नहीं, बल्कि दो वंशों, संस्कृतियों, संस्कारों और परिवारों के मिलन का मौका है। हिंदू शादियों में कई रीति रिवाज होते हैं, जिनका सही अर्थ जाने बिना ही लोग इसे अपना लेते हैं, तो कुछ गलत मतलब निकालकर अलोचना करते हैं। शादी की इन्हीं परंपराओं में से एक कन्यादान है। आज के दौर में कन्यादान को लेकर कई सवाल खड़े होते हैं। कई लोग इसे महिला के लिए अपमानजनक मानकर कन्यादान को शादी संस्कार से बाहर कर देते हैं। आधुनिक विचारों के लोगों का मानना है कि कन्यादान पिछड़ी सोच का प्रतीक है। इसमें महिलाओं को वस्तु मानकर उसका दान कर दिया जाता है, जो कि गलत है। लेकिन क्या वास्तव में वेदों में भी कन्यादान का यही अर्थ बताया गया था? आइए जानते हैं हिंदू विवाह में कन्यादान का सही अर्थ और महत्व।



### देवी की भूमि में बेटी को वस्तु कैसे मान सकते हैं?

यह वही संस्कृति है जहां नारी को 'शक्ति' और 'जननी' कहा जाता है। भारत में सीता, दुर्गा और सरस्वती माता की पूजा होती है। हमारे देश में स्वयंवर का रिवाज हुआ करता था, जिसमें दुल्हन खुद अपना साथी चुनती थीं। जब पौराणिक दौर से ही महिलाओं को ही इतनी आजादी दी गई थी, तो फिर विवाह संस्कार के दौरान बेटा का दान कैसे किया जा सकता है? सच यह है कि कन्यादान का अर्थ "बेटी खो देना" नहीं बल्कि उसे नए आध्यात्मिक कुल से जोड़ना है। कन्यादान का सही अर्थ बेटी का दान नहीं, सम्मान करना है।

### कन्यादान का असली भाव

'दान' शब्द यहां स्वामित्व नहीं बल्कि संस्कारिक परिवर्तन दर्शाता है। इस प्रक्रिया में दुल्हन अपने मायके के गोत्र से पति के गोत्र में प्रवेश करती है। यह मान्यता इस वैज्ञानिक समझ से भी जुड़ी है कि आने वाली संतानें पैतृक वंश को आगे बढ़ाती हैं। इसलिए गोत्र परिवर्तन को आध्यात्मिक स्वीकृति का रूप दिया गया। कन्यादान नारी का वस्तुकरण नहीं, उसकी नई पहचान और नई यात्रा का उत्सव है।



### चयन का अधिकार

हालांकि अगर लोग शादी में कन्यादान को अपनाना नहीं चाहते हैं उनको हिंदू विवाह में चयन का अधिकार मिलता है। बिना कन्यादान भी विवाह पूरी तरह से वैध और पूर्ण माना जाता है। कई मातृसत्तात्मक समुदायों में यह अनुष्ठान होता ही नहीं, फिर भी विवाह आध्यात्मिक रूप से सही माने जाते हैं।

### आलोचना से पहले समझना जरूरी

किसी रस्म को बदलना हो तो बदलिए, पर पहले उसे समझिए। क्योंकि बिना जड़ों को जाने पेड़ को काटना सिर्फ मूर्खता है।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### मैथ्यू पेरी की मौत मामले में दोषी ठहराए जाएंगे सल्वाडोर, 3 साल सजा की मांग

मैथ्यू पेरी की मौत मामले में अब डॉक्टर सल्वाडोर प्लासेनिया दोषी मानते हुए उन्हें सजा सुनाई जानी है। हालांकि, डॉक्टर की ओर से खुद को निर्दोष बताया गया है।



'फ्रेंड्स' स्टार मैथ्यू पेरी की ओवरडोज लेने से हुई मौत के मामले में अब डॉ. सल्वाडोर प्लासेनिया को सजा सुनाई जाएगी। डॉ. सल्वाडोर प्लासेनिया पर मैथ्यू पेरी को केटामाइन बेचने का आरोप है और उन्हें इस मामले में दोषी माना गया है। इस पूरे मामले में पांच लोगों को सजा सुनाई जानी है। इनमें डॉ. प्लासेनिया पहले व्यक्ति होंगे। डॉ. सल्वाडोर प्लासेनिया को सजा सुनाये जाने से पहले पेरी के परिवार और संभवत उनकी मौत से प्रभावित अन्य लोगों को लॉस एंजिल्स की संघीय अदालत में बयान देने का मौका मिलेगा। पेरी के लोगों की ओर से अमेरिकी जिला न्यायाधीश शेरिलीन से डॉ. सल्वाडोर प्लासेनिया को तीन साल की जेल की सजा देने की मांग की जा रही है। वहीं डॉक्टर ने एक याचिका समझौते में पेरी को अवैध रूप से बड़ी मात्रा में केटामाइन बेचने की बात स्वीकार की थी। उन पर अभिनेता को वह खुराक बेचने का आरोप नहीं लगाया गया था, जिसके बारे में जांचकर्ताओं का कहना है कि 28 अक्टूबर 2023 को उनकी मौत हो गई थी।

## टॉलीवुड

### भूकंप के समय जापान में थे प्रभास, 'द राजा साब' के डायरेक्टर मारुति ने दिया अपडेट

साउथ सुपरस्टार प्रभास पिछले दिनों जापान में थे जहां उनकी फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की स्क्रीनिंग हुई। इसी बीच सोमवार रात जापान में आए भूकंप ने



प्रभास के फैंस को चिंता में डाल दिया कि वो सुरक्षित हैं या फिर नहीं। 'द राजा साब' के डायरेक्टर ने अब प्रभास की सुरक्षा को लेकर अपडेट शेयर किया है।

जापान में आए विनाशकारी भूकंप ने दुनियाभर में लोगों को चिंता में डाल दिया है। इसी बीच भारतीय सुपरस्टार प्रभास को लेकर भी फैंस बेहद परेशान थे, क्योंकि अभिनेता हाल ही में अपनी फिल्म 'बाहुबली: द एपिक' की स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए जापान पहुंचे थे। सोमवार रात आए 7.5 तीव्रता के जोरदार भूकंप ने उत्तर-पूर्वी जापान को हिला दिया, जिसके बाद प्रशंसक लगातार प्रभास की सुरक्षा को लेकर सवाल कर रहे थे। फैंस की बढ़ती चिंता को देखते हुए 'द राजा साब' के डायरेक्टर मारुति ने आगे आकर सभी को भरोसे में लिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखते हुए बताया कि प्रभास पूरी तरह सुरक्षित हैं। दरअसल एक फैन ने भूंकप की न्यूज को देखने के बाद एक्स पर प्रभास की सेहत को लेकर चिंता जताई थी।

## बालीवुड

### स्वास्थ्य सेवाओं के व्यावसायीकरण के विरुद्ध आवाज उठाती 'मानव मार्केट' का ट्रेलर रिलीज

छत्तीसगढ़ में निर्मित हिंदी फीचर-फिल्म 'मानव मार्केट' स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते व्यवसायीकरण के विरुद्ध आवाज उठाती है। शहर के प्रसिद्ध अभिनेता व निर्देशक




गुलाम हैदर मंसूरी तथा निर्माता कैलाश चंद्र अग्रवाल,निम्मी रोशन सवाने और ग़ुलाम हेदर मंसूरी की इस फिल्म का ट्रेलर 3 दिसम्बर को एन. माही फिल्म्स के यू-ट्यूब चैनल पर रिलीज़ हुआ है। जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। फिल्म आगामी सप्ताह में 19 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। मुख्य धारा के सिनेमा में समाज को झकझोरने वाले इस विषय पर अपनी तरह की एक अलग फिल्म का ट्रेलर दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म में बहुत ही गहराई और संवेदनशीलता के साथ जनता के साथ स्वास्थ्य सेवा में होने वाली अव्यवस्था को दिखाया गया है। हैदर इस फिल्म के निर्माताओं की तारीफ़ करते हुए कहते हैं कि नागपुर निवासी निर्माता निम्मी रोशन सवाने की जब भी ज़रूरत पड़ती है वो और उनके पति रोशन सवाने अपना सब कामकाज रोक कर यहां उपस्थित हो जाते हैं। साथ ही भिलाई के निर्माता कैलाश चंद्र अग्रवाल और सिनेमा रिलीज़िंग पार्टनर मेघा अग्रवाल के बारे में बताते हैं की इन्होने पूरी टीम का उत्साह बनाए रखा है।

फिल्म में प्रमुख भूमिका निभा रहे अभिनेता ओम त्रिपाठी फिल्म की 19 दिसंबरको होने वाली रिलीज को लेकर बेहद उत्साहित हैं। ओम त्रिपाठी कहते हैं फिल्म में कई संवाद ऐसे हैं जो वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर देखी जा रही अव्यवस्थाओं पर सवाल ख़ड़े करते हैं। जैसे ''ये देश जहां क्रिकेट टीम की बोली कई अरबों में लगाई जाती है, वहीं हर साल भूख़मरी से कई बच्चे मारे जाते हैं।

ओम त्रिपाठी कहते हैं-फिल्म में ऐसे कई संवाद हैं जो ऐसे सवाल खड़े कर रहे हैं जिसका सामना कर पाना स्वास्थ्य सेवा जैसे पवित्र पेशे को मुनाफाखोरी का धंधा बना देने वालों के बस की बात नही। फिल्म में प्रमुख किरदार निभा रही नेहा शुक्ला का कहना है कि यह एक बेहद संवेदनशील विषय है और इस पर फिल्म बनाने बेहद चुनौतीपूर्ण था। इस लिहाज से वह अपनी भूमिका को भी बेहद हट कर मानती है। नेहा का कहना है कि उन्होंने अपना किरदान बेहद संजीदगी से निभाया है और उन्हें उम्मीद है दर्शक इसे जरूर पसंद करेंगे। फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे बाली कुर्रे कहते हैं, इसके जरिए जनता से जुड़े मुद्दे को सामने लाने की कोशिश की गई है।




अगर आप फैशन इंडस्ट्री को करीब से फॉलो करते हैं, तो स्प्रिंग 2026 के ट्रेंड्स को जरूर जानिए। हालांकि पिछले हफ्ते हुए इस शो में कुछ सेलिब्रिटी हेडलाइन बनाईं गईं लेकिन यह एक बदलाव था। जिसमें चैनल, डायर, गुच्ची, बालेंसियागा और बोटेगा वेनेटा के नए डिजाइनरों ने ब्रांड्स के लिए अपने पहले कलेक्शन दिखाए और उन्हें उनके अगले चैप्टर में ले गए। कई मामलों में वे काफी अलग दिखे।

## सफेद बाल होंगे एकदम से गायब! अगर इस्तेमाल कर लिया ये एक घरेलू नुस्खा

सफेद बाल या ग्रे हेयर उम्र बढ़ने, तनाव और लाइफस्टाइल की वजह से जल्दी दिखने लगे हैं। बालों को कलर करने के लिए बाजार में तमाम तरह के हेयर कलर मिलते हैं। केमिकल हेयर कलर से बाल जल्दी काले तो लगते हैं, लेकिन इनके इस्तेमाल से बाल कमजोर और रूखे हो जाते हैं। अगर आप अपने बालों को सुरक्षित और नेचुरल तरीके से काला करना चाहती हैं, तो आंवला और नारियल तेल का नुस्खा एक बेहतरीन विकल्प है। आंवला विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो बालों की जड़ों को पोषण देता है और प्राकृतिक रूप से रंग गहरा करता है। नारियल तेल बालों की मजबूती बढ़ाता है और रूखापन कम करता है। ये नुस्खा आसान, घरेलू और बालों के लिए सुरक्षित है।



### इस्तेमाल के लिए जरूरी चीजें

इस नुस्खे को बनाने के लिए आपको सिर्फ दो चीजें चाहिए। इसमें पहली चीज है आंवला पाउडर और दूसरी है नारियल का तेल। बस इस्तेमाल से पहले ये पक्का करें कि आंवला पाउडर ताजा और उच्च गुणवत्ता वाला हो और नारियल तेल शुद्ध हो।

### इस्तेमाल का तरीका

सबसे पहले आंवला पाउडर और नारियल तेल को मिलाकर एक स्मूद पेस्ट तैयार करें। इस मिश्रण को जड़ों से लेकर बालों की लंबाई तक अच्छी तरह लगाएं। इसे 1–2 घंटे तक बालों में छोड़ दें ताकि पोषण और रंग पूरी तरह बालों में समा सके। उसके बाद हल्के शैम्पू से बालों को धो लें। इस प्रक्रिया को हफ्ते में 2 बार दोहराना सबसे अच्छा माना जाता है।

### सावधानी

इस नुस्खे का इस्तेमाल करते समय ध्यान रखें कि मिश्रण ज्यादा गाढ़ा न हो, ताकि बालों में समान रूप से लग सके। अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है, तो पहले इसे हाथ की त्वचा पर टेस्ट करें। बालों में ज्यादा देर तक छोड़ने या अत्यधिक मात्रा में लगाने से बालों में ग्रीस या चिपचिपापन हो सकता है।

## पार्टी में पहने ऐसी साड़ी और लुक को बनाए ग्लैमरस, मिलेगी तारीफ

अगर आप न्यू ईयर की पार्टी में ड्रेस पहनना नहीं चाहतीं तो ये लेख आपके काम का है। यहां हम आपको बताएंगे कुछ ऐसी टिप्स जो आपकी साड़ी को बना देंगी एकदम से खूबसूरत। अगर आप न्यू ईयर पार्टी में ड्रेस पहनने का मन नहीं बना पा रही हैं और कुछ ऐसा पहनना चाहती हैं जो आपको स्टाइलिश भी दिखाए और ट्रेडिशनल टच भी दे, तो साड़ी आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है।







साड़ी कभी भी फैशन से बाहर नहीं होती, बल्कि सही स्टाइलिंग इसे पार्टी का सबसे ग्लैमरस आउटफिट बना देती है। आजकल कई तरह की ड्रेपिंग स्टाइल, मॉडर्न ब्लाउज डिजाइन और स्टेटमेंट ऐक्सेसरीज मार्केट में ट्रेंड कर रही हैं जिन्हें अपनाकर आप अपनी साधारण साड़ी को भी बेहद खूबसूरत और यूनिक लुक दे सकती हैं। न्यू ईयर पार्टी जैसे मौके पर ये जरूरी है कि आपका लुक थोड़ा बोल्ड, थोड़ा ग्लैम और थोड़ा क्लासी दिखे। इसलिए हम आपके लिए लेकर आए हैं कुछ आसान टिप्स, जिनकी मदद से आपकी साड़ी दिखेगी बेहद स्टाइलिश और फेस्टिव रेडी.......वो भी बिना ज्यादा मेहनत किए।

### मॉडर्न ड्रेपिंग स्टाइल अपनाएं

अगर आप साड़ी को सिर्फ ट्रेडिशनल तरीके से पहनकर पार्टी में जाने का सोच रही हैं तो इस बार कुछ अलग ट्राई करें। मॉडर्न ड्रेपिंग स्टाइल जैसे बेल्ट ड्रेप, वन-शोल्डर ड्रेप आपके पूरे लुक को इंस्टेंट ग्लैम टच देते हैं। बेल्ट ड्रेप आपकी कमर को परफेक्ट शेप देता है, वहीं वन-शोल्डर ड्रेप आपका लुक और भी वेस्टर्न व स्टाइलिश बनाता है।

### स्टेटमेंट ब्लाउज चुनें

साड़ी का असली लुक तब उभरता है जब उसका ब्लाउज स्टाइलिश और ट्रेंडी हो। न्यू ईयर पार्टी के लिए सीक्विन, बैकलेस, डीप-बैक या हॉल्टर-नेक ब्लाउज बेहतरीन विकल्प हैं। ये न सिर्फ आपकी साड़ी के लुक को अपग्रेड करते हैं बल्कि आपको एक बोल्ड और कॉन्फिडेंट अपीयरेंस भी देते हैं। फेदर या रफ्ल डिटेलिंग वाले ब्लाउज भी आजकल काफी ट्रेंड में हैं और आपको एक सेलिब्रिटी जैसा लुक देते हैं।

## दिखना चाहती हैं सलवार-सूट में लंबी तो इन डिजाइंस को करें ट्राई

सूट के डिजाइन को चुनने से पहले अपनी बॉडी शेप को समझना बेहद जरूरी होता है और उसी हिसाब से ही आपको अपने लुक को स्टाइल भी करना चाहिए।



### शॉर्ट कुर्ती के साथ शरारा सूट

लंबी दिखने के लिए आप शॉर्ट कुर्ती के साथ इस तरह का हाई वेस्ट शरारा पहन सकती हैं। इस तरह के सूट आप प्लेन फैब्रिक लेकर गोटा-पट्टी लेस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस सूट को डिजाइनर सूरीना चौधरी द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके के लुक के साथ आप गले से लगा चोकर और मैचिंग स्टड्स को स्टाइल करें।

### कलीदार सूट डिजाइन

कलीदार सूट लगभग हर समय फैशन ट्रेंड में पसंद किए जाते हैं। इस स्टाइलिश बैक नेक डिजाइन के सूट को डिजाइनर अंजना बोहरा द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके के सिल्क सूट आपको लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।इस तरह के सूट लुक के साथ आप स्लीक बन हेयर स्टाइल को चुनें।

### वेलवेट सूट डिजाइन

सर्दियों में ठंड से बचने और स्टाइलिश दिखने के लिए वेलवेट सूट आपके बेहद काम में आ सकते हैं। इस स्टाइलिश सूट को डिजाइनर सुरीना चौधरी द्वारा डिजाइन किया गया है।


## रुक गई है आपके बालों की ग्रोथ तो एक्सपर्ट टिप्स को करें फॉलो

अगर आप भी अपने बालों की रुकती ग्रोथ से परेशान हैं तो एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें। रोजमेरी बालों के लिए काफी अच्छी होती है। इसलिए इसका इस्तेमाल आजकल हेयर ऑयल में सबसे ज्यादा किया जाता है। अगर आपको भी बालों को लंबा और घना करना है तो इसके लिए रोजमेरी का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें पोटेशियम, आयरन और विटामिन पाए जाते हैं जो बालों को वॉल्यूम देते हैं।

बालों की ग्रोथ रुकने पर एक्सपट्र्स संतुलित आहार (प्रोटीन, आयरन, विटामिन), स्कैल्प मसाज, प्राकृतिक तेलों (नारियल, रोज़मेरी) का प्रयोग, तनाव कम करना, पर्याप्त नींद और हाइड्रेशन के साथ-साथ समय-समय पर ट्रिमिंग और केमिकल प्रोडक्ट्स से बचाव की सलाह देते हैं, जिससे बालों की ग्रोथ फिर से शुरू होती है और वे मजबूत बनते हैं।

### आहार और पोषण

प्रोटीनः अंडे, दालें, चिकन, मछली, बीन्स, नट्स।आयरनः पालक, दालें, बीज। विटामिनः खट्टे फल (विटामिन सी), एवोकाडो, शकरकंद (विटामिन डी, ई)। जिंकः कद्दू के बीज, तिल के बीज, अंडे। पानीः शरीर को हाइड्रेटेड रखें।



### बालों की देखभाल

स्कैल्प मसाजः तेल (नारियल, अरंडी) से हल्की मालिश करें, इससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। तेलः नारियल, रोज़मेरी, आम्ला तेल का उपयोग करें। हेयर मास्कः मेथी, अंडा, एलोवेरा जेल, या प्याज के रस का मास्क लगाएं। ठंडा पानीः बालों को धोने के लिए गर्म पानी से बचें, ठंडे या गुनगुने पानी का प्रयोग करें। ट्रिमिंगः हर 6-8 हफ्ते में टिप्स कटवाएं, इससे स्प्लिट एंड्स हटते हैं और ग्रोथ बेहतर होती है। हीटिंग टूल्स से बचें: ज्यादा हीट से बालों की जड़ें कमजोर होती हैं।

कार्नर न्यूज

इस मौसम में मेकअप पर खास ध्यान देने की जरूरत

## सर्दियों में ऐसा करें मेकअप, खिल उठेगा रूप और नजरें टिकी रहेंगी आप पर

हर मौसम का मेकअप अलग-अलग होता है। सर्दियों के मौसम में मेकअप थोड़ा ब्राइट रखा जाता है। गर्मी के मौसम जिन रंग का इस्तेमाल नहीं किया जाता है, उनका रंगों का सर्दियों के मौसम में इस्तेमाल किया जा सकता है। अब चूंकि शादियों का मौसम चल रहा है तो मेकअप में आपको कुछ खास ध्यान रखना होगा।

### कैसे करें मेकअप?

इस समय आंखों के दो लुक को खूब किया जा रहा है। कैट और स्मोकी आई को लोग पसंद कर रहे हैं। अगर आप चाहें, तो डबल आईलाइनर के ऑप्शन को भी चुन सकती है। आप जिस भी लुक को कैरी करें, उसे आपको मस्कारे से उभारना चाहिए। अगर आप सर्दियों में ब्राइट कल का इस्तेमाल करेंगी, तो अच्छा लगेगा। आप ब्लू, पर्पल और ऑरेंज रंगों के ऑप्शन चुन सकती हैं।

आई लाइनर में आप ब्लैक कलर का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इसमें आपको चॉकलेट ब्राउन, फॉरेस्ट ग्रीन और नेवी ब्लू



कलर के ऑप्शन को चुनना चाहिए। अगर आप इस रंगों का इस्तेमाल कर रही हैं, तो आप लिपस्टिक का कलर लाइट रखें, जिससे ये रंग उभरकर आएंगे।

ब्रॉन्जर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत कम। थोड़ा सा ही ब्रॉन्जर त्वचा पर लगाएंगे, तो भी चेहरा खिल जाता है।

गर्मियों में जिस कलर की नेलपॉलिश आप नहीं लगा पाई हैं, तो आप इस मौसम में इस्तेमाल करें। डार्क रेड, बरगंडी, पर्पल और नेवी ब्लू जैसे कलर से इस मौसम में शानदार लुक आता है। इनको लगाने से पहले आप नेल्स को कोई शेप दे देती हैं, तो अच्छा रहेगा। वैसे भी इस समय फ्रेंच शेप नाखून काफी ट्रेंड में हैं।

सर्दियों में ज्यादा बेस मेकअप का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे आप सुंदर दिखने की जगह आप कुछ और ही असर पड़ेगा। सर्दी कितनी भी हो, आप फाउंडेशन और मॉश्चराइजर इस्तेमाल करें, जिसमें एपीएफ की मात्रा ज्यादा हो। -सर्दी में भी आप परफ्यूम इस्तेमाल करें। मैरिज सेरेमनी में आपको बोल्ड और ब्राइट कलर्स का ऑप्शन चुनना चाहिए, जिससे आपको लंबे समय तक फ्रेश लुक मिलेगा। -मैट फिनिश के लिए आपको मॉइश्चराइजर फाउंडेशन का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे आपके स्किन को स्मूथ लुक भी मिलेगा। शिमर और ग्लिटर के स्थान पर हाईलाइटर का इस्तेमाल करें, जिससे स्किन शिमरी नहीं, बल्कि ग्लो करेगी। गोल्ड आई मेकअप का इस्तेमाल करें। आपका लहंगा फुशिया, रेड, ग्रीन किसी भी रंग का होगा, जिसके साथ गोल्ड आई मेकअप ग्लैमरस लुक देगा।

